RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

जनता जाती भूल सब, चंद दिनों के बाद।
खबर छापकर किस लिए, पुनः दिला दी याद।
पुनः दिला दी याद, मामला फिर भड़काया।
ऊंघ रहे थे यार, हिलाकर हमें जगाया।
कह साहिल कविराय, अगर यह फिर ना ठनता



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 339 | SATURDAY DATE 27-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 जनवरी से, पुराना सचिवालय में होगा आयोजन

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र, सोमवार 5 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। यह सत्र अपराह्न 2 बजे से पुराना सचिवालय स्थित विधानसभा हॉल में शुरू होगा। इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार यह आदेश दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा जारी किया गया है, जिसे आम जनता की जानकारी के लिए प्रकाशित किया गया है। आदेश में बताया गया है कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 (केन्द्रीय अधिनियम संख्या-1, वर्ष 1992) की धारा 6(1) के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह सत्र आहूत किया गया है।




इस शीतकालीन सत्र में राष्ट्रीय राजधानी से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। विधानसभा सत्र के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच नीतियों, विकास कार्यों, जनहित के सवालों और प्रशासनिक विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विधायी प्रस्ताव और अन्य कार्यसूचियां भी सदन के पटल पर आ सकती हैं। पुराना सचिवालय स्थित विधानसभा भवन एक बार फिर राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा, जहां जनप्रतिनिधि दिल्ली की जनता से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाएंगे। शीतकालीन सत्र होने के कारण सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं।ल्माना जा रहा है कि नए साल की शुरूआत में होने वाला यह सत्र दिल्ली की राजनीति की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार कॉम्प्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल (सीएजी) की कुछ पेंडिंग रिपोर्ट पेश करने की तैयारी कर रही है, जिससे आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच तीखी बहस देखने को मिल सकती है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि सत्र की शुरूआत तय समय पर दोपहर 2 बजे होगी और सभी संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों को इसकी सूचना दे दी गई है। अब सभी की निगाहें 5 जनवरी पर टिकी हैं, जब दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हर परिवार में कम से कम तीन बच्चे होने चाहिए : चंद्रबाबू नायडू

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि भारत की जनसंख्या में बढ़ोतरी और विदेशों में भारतीयों की सफलता वैश्विक प्रभुत्व की संभावना को दशार्ती है। और ये तभी संभव है जब पॉपुलेशन के रिप्लेसमेंट स्तर को बनाए रखा जाता है। आंध्र प्रदेश के सीएम ने आगे कहा कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जो इस दौरान 148% जोड़ने जा रहा है। हम बहुत भाग्यशाली हैं और जापान 146 पर है, यूके भी इस तरह से घट रहा है। यदि आप इन सभी देशों को देखेंगे तो पाएंगे कि आज की तारीख में इस संबंध में उम्र बढ़ने और घटती जनसंख्या की एक बड़ी समस्या है। अभी दूसरे देशों में लगभग चार से पांच करोड़ लोग भारतीय हैं। अगर आप आज किसी भी देश में जाते हैं तो वहां रहने वाले भारतीयों की प्रति व्यक्ति आय सबसे अधिक है। यहां तक कि अमेरिका में कोई भी पॉश इलाका है।अगर आप अमेरिका को देखें तो अमेरिका की औसत आय 55 हजार से 60000 डॉलर है, जबकि भारतीयों की औसत आय 130000 डॉलर है, जो दोगुनी से भी अधिक है।

### लाल किला क्षेत्र में हुए विस्फोट में 40 किलोग्राम विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया : शाह

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लाल किला क्षेत्र में हुए विस्फोट को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। गृह मंत्री के अनुसार, इस घटना में हल्की-फुल्की नहीं, बल्कि 40 किलोग्राम की भारी मात्रा में विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया था। वहीं, एनआईए ने इस मामले में पहले ही 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें तीन डॉक्टर डॉ। मुजम्मिल गनाई, डॉ। अदील राथर, डॉ। शाहीन सईद और धार्मिक उपदेशक मौलवी इरफान शामिल हैं।

## उन्नाव रेप केस में दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत के खिलाफ प्रदर्शन

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** उन्नाव रेप केस में दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत के खिलाफ और पीड़िता के समर्थन में शुक्रवार को बड़ी संख्या में महिलाओं ने दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन किया और नारे लगाए। एक महिला ने कहा कि ताकतवर और प्रभावशाली लोग कानूनी दांव-पेच का इस्तेमाल करके बहुत गंभीर अपराधों से बच रहे हैं। उन्होंने कहा, अक्सर नेताओं को महिलाओं के खिलाफ जुर्म करते देखा है, लेकिन वे आजाद घूम रहे हैं, जबकि पीड़िता इंसाफ के लिए दर-दर भटक रही हैं। कुलदीप सेंगर को सजा के बाद उन्नाव की रेप पीड़िता को इंसाफ मिला था, लेकिन जब दोषी को उम्रकैद की सजा से छूट मिली तो यह पीड़िता के साथ अन्याय था। वहीं, पीड़िता की मां ने कहा, हम सेंगर की जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का भी रुख करेंगे। मुझे भरोसा है कि सुप्रीम कोर्ट से मुझे न्याय मिलेगा और दोषी की जमानत खारिज होगी।

## तिरुवनंतपुरम में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली बीजेपी ने जीता मेयर का चुनाव

**तिरुवनंतपुरम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** केरल के नगर निकाय चुनाव के दौरान तिरुवनंतपुरम में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली बीजेपी ने आखिरकार मेयर का चुनाव जीत लिया। तिरुवनंतपुरम में वीवी राजेश बीजेपी से मेयर चुने गए हैं। केरल विधानसभा चुनाव के कुछ महीनों पहले ये जीत बीजेपी के लिए बड़ी संजीवनी का काम कर सकती है।वीवी राजेश के तौर पर तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा ने पहली बार परचम लहराया है। यहां 45 सालों से लेफ्ट पार्टियों के शासन का अंत हुआ है। राजेश को बीजेपी के 50 पार्षदों के साथ एक निर्दलीय का समर्थन भी मिला। 101 सीटों वाले तिरुवनंतपुरम नगर निगम में मेयर के चुनाव में एलडीएफ उम्मीदवार आरपी शिवाजी को 29 और यूडीएफ प्रत्याशी को 17 वोट ही हासिल हुए। जीत के बाद राजेश ने कहा, हम सब मिलकर आगे बढ़ेंगे, सबको साथ लेकर चलेंगे। सभी 101 वार्डों में विकास कार्य आगे बढ़ाए जाएंगे। तिरुवनंतपुरम को देश के एक विकसित शहर में बदलेंगे।

## कोडीनयुक्त कफ सिरप तस्कर की 30 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क, कोर्ट का नोटिस जारी

**सोनभद्र, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी से अर्जित लगभग 30 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति को कुर्क करने के लिए आरोपी भोला प्रसाद को न्यायालय ने नोटिस जारी किया गया है। यह कार्रवाई सोनभद्र पुलिस द्वारा एक संगठित नशीले पदार्थों की तस्करी के रैकेट का पदार्फाश करने के बाद की जा रही है। वाराणसी निवासी अभियुक्त भोला प्रसाद के एक बड़े ड्रग तस्करी रैकेट का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि भोला प्रसाद ने रांची (झारखंड) में शैली ट्रेडर्स के नाम से एक गोदाम और ड्रग लाइसेंस के सभी दस्तावेज फर्जी तरीके से प्राप्त किए थे।

## वीर बाल दिवस बहादुर साहिबजादों के बलिदान को याद करने के लिए समर्पित : मोदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के मौके पर गुरु गोबिंद सिंह के बेटों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इसे सर्वोच्च बलिदान को याद करने के लिए समर्पित श्रद्धा का दिन बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, वीर बाल दिवस श्रद्धा का दिन है, जो बहादुर साहिबजादों के बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है। हम माता गुजरी जी के अटूट विश्वास और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की अमर शिक्षाओं को याद करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह दिन साहस, दृढ़ विश्वास और धर्मपरायणता का प्रतीक है। यह दिन साहस, दृढ़ विश्वास और धर्मपरायणता से जुड़ा है।

उनका जीवन और आदर्श पीढ़ियों तक लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने लिखा कि वीर बाल दिवस के अवसर पर धर्म पथ पर अडिग रहे वीर साहिबजादों के अमर बलिदान को शत-शत नमन। कम आयु में भी उन्होंने धर्म, सत्य और साहस की जो मिसाल दी, वह युगों-युगों तक प्रेरणीय रहेगी।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, वीर बाल दिवस पर देश, धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले गुरु गोबिंद सिंह महाराज के चारों वीर साहिबजादों की अमर शहादत को शत-शत नमन। वीर बाल दिवस केवल इतिहास का स्मरण नहीं, युवा पीढ़ी के संस्कार, साहस और राष्ट्रबोध के निर्माण का राष्ट्रीय संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी पहल से वीर बाल दिवस की शुरूआत इस भाव के साथ की गई कि वीर साहिबजादों का अद्वितीय त्याग देश की चेतना, चरित्र और भविष्य की दिशा बने।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, धर्म की रक्षा हेतु सर्वस्व बलिदान देने वाले गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के साहिबजादों के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन! उनका अदम्य साहस, त्याग और देशप्रेम हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े रहने की शक्ति प्रदान करता है। साहिबजादों का साहस और बलिदान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। वीर बाल दिवस हर साल 26 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बेटों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह और साहिबजादा बाबा फतेह सिंह की शहादत का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने 9 जनवरी, 2022 को गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी।

सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के सबसे छोटे बेटे, साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह और साहिबजादा बाबा फतेह सिंह का जन्म आनंदपुर साहिब में हुआ था। 7 दिसंबर 1705 की सुबह ऐतिहासिक चमकौर की लड़ाई के दिन दोनों साहिबजादों को उनकी दादी माता गुजरी के साथ, मुगल अधिकारियों जानी खान और मानी खान रंगहर ने मोरिंडा में हिरासत में ले लिया था।

## बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनावों का समर्थन करता है भारत : विदेश मंत्रालय

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

भारत ने बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनावों के प्रति अपने समर्थन को दोहराते हुए शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान की देश वापसी को व्यापक लोकतांत्रिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए।विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नई दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, हम बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनावों का समर्थन करते हैं और लंदन से बीएनपी नेता की वापसी को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। गंभीर राजनीतिक संकट के बीच तारिक रहमान 17 वर्षों के आत्म-निर्वासन के बाद गुरुवार को बांग्लादेश लौटे। वे अपनी पत्नी जुबैदा रहमान और बेटी जैमा रहमान के साथ



बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस की उड़ान से ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे।

रहमान की वापसी ऐसे समय में हुई है, जब बांग्लादेश चुनाव आयोग ने देश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव और जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह की घोषणा की है, जो अगले वर्ष 12 फरवरी को प्रस्तावित हैं।

## दिल्ली विधानसभा का चार दिवसीय शीतकालीन सत्र 5 जनवरी से होगा शुरूः विजेंद्र गुप्ता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने शुक्रवार को विधानसभा परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 जनवरी से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की आठवीं विधानसभा का चतुर्थ सत्र 5 से 8 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। सत्र की शुरूआत उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण से होगी। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। अध्यक्ष ने कहा कि सत्र के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन के लिए सभी प्रशासनिक और प्रक्रियात्मक तैयारियाँ पूरी की जा रही हैं। विधानसभा सचिवालय की विभिन्न शाखाओं के बीच समन्वय स्थापित किया गया है और आवश्यक लॉजिस्टिक



व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि सदन की कार्यवाही निर्बाध रूप से संचालित हो सके। उन्होंने बताया कि चार दिवसीय शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में महत्वपूर्ण विधायी एवं प्रक्रियात्मक कार्य संपन्न किए जाएंगे। साथ ही कई आवश्यक पत्र सदन के पटल पर रखे जाने प्रस्तावित हैं। प्रेस वार्ता के दौरान आचार्य लोकेश ने जनवरी 2026 में आयोजित होने वाले एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आयोजन की जानकारी साझा की।

# दिल्ली में 20 रुपये के लिए घरवाली का घोंटा गला

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।

दिल्ली के शाहदरा जिला के विवेक विहार इलाके में महज 20 रुपये को लेकर हुए झगड़े में एक शख्स ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद वह घर के पास ही मौजूद रेलवे ट्रैक पर पहुंचा और उसने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। मृतकों की शिनाख्त पत्नी महेंद्र कौर (45) और इसके पति कुलवंत सिंह उर्फ संजय उर्फ बंटी (48) के रूप में हुई है।




## बेटे ने किया पुलिस को गुमराह

मां की मौत के बाद बेटे ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। उसने बताया कि मां ने पंखे के सहारे फंदा लगाकर जान दी है। छानबीन हुई तो पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने बृहस्पतिवार को महिला का पोस्टमार्टम करवाया तो उसमें गला दबाकर हत्या करने की बात साफ हो गई। विवेक विहार थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि महेंद्र कौर अपने परिवार के साथ कस्तूरबा नगर, विवेक विहार में रहती थीं। इनके परिवार में पति कुलवंत सिंह के अलावा दो बेटे व एक बेटी हैं। कुलवंत सिंह ऑटो चालक थे जबकि इनके एक बेटा डिलीवरी ब्वॉय और दूसरा बेटा टेंट हाउस में काम करता है।

## छत पर घोंटा पत्नी का गला

बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे घर पर बड़ा बेटा शिवचरन के अलावा महेंद्र कौर व कुलवंत सिंह मौजूद थे। इस बीच 20 रुपये मांगने को लेकर कुलवंत का पत्नी से झगड़ा हो गया। मकान की छत पर कुलवंत ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में वह मौके से फरार हो गया। बेटा शिवचरन घर पहुंचा तो उसने मां को मरा पाया।

## चारपाई पर शव रख बेटा बोला-मां ने की आत्महत्या

शिवचरन ने शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। बाद में वह पड़ोसियों के साथ शव को ग्राउंड फ्लोर पर ले आया और उसने चारपाई पर शव रखकर पड़ोसियों को भी मां के आत्महत्या करने के बारे में बताया। किसी पड़ोसी ने राजस्थान के डुंगरपुर में रहने वाले कुलवंत के छोटे भाई सत्वंत सिंह को खबर दे दी।

डुंगरपुर में रहने वाले कुलवंत के भाई सतवंत ने दोपहर करीब 3.00 बजे पीसीआर कॉल कर पुलिस को खबर दी कि उसकी भाभी की छत पर संदिग्ध हालत में मौत हो गई है और उनके गले पर चोट के निशान है।

# मोबाइल स्नैचिंग और वाहन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग का पदार्फाश, चार शातिर गिरफ्तार



**नोएडा, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** नोएडा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग और वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से स्नैचिंग और चोरी के 22 मोबाइल फोन तथा वारदात में प्रयुक्त दो चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं। यह गैंग दिल्ली से बाइक चोरी कर नोएडा और आसपास के इलाकों में मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस के मुताबिक, 26 दिसंबर 2025 को थाना सेक्टर-58 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डी-पार्क, सेक्टर-62 नोएडा के पास से चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शमीम, साजिद, सिकंदर उर्फ मुखिया और ईनाम के रूप में हुई है। ये आरोपी नोएडा, दिल्ली और गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय थे और संगठित गैंग बनाकर मोबाइल स्नैचिंग और वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

# एनजीटी का दिल्ली जल निकाय अतिक्रमण पर सख्त रुख

» दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।

दिल्ली में तालाबों, झीलों और अन्य जल निकायों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कड़ा रुख अपनाया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली नमभूमि प्राधिकरण (डीएसडब्ल्यूए) को निर्देश दिया कि शहर की सभी जल निकायों से जुड़ी पूरी जानकारी एक तय फॉर्मेट में इकट्ठा कर के पेश की जाए।

अदालत ने कहा कि जिन सरकारी या निजी एजेंसियों के पास जल निकायों की जमीन है, लेकिन उन्होंने अब तक पूरी जानकारी नहीं दी है, उनसे अनिवार्य रूप से विवरण लिया जाए। इसमें यह बताना होगा कि किस जल निकायों पर कितना अतिक्रमण हुआ है और उनका स्वरूप क्या है और कुल कितने क्षेत्र पर कब्जा किया गया है। एनजीटी ने डीएसडब्ल्यूए से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि जल निकाय की जमीन किन कानूनी शक्तियों या आदेशों के तहत अलॉट की गई थी। इसके अलावा यह जानकारी भी देनी होगी कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है और आगे क्या एक्शन प्लान है। अदालत ने कहा कि जल निकाय में किसी भी तरह का निर्माण, अतिक्रमण या कचरा डालना नमभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 का सीधा उल्लंघन है। ऐसे मामलों में दोषियों को नियम 4 के तहत सजा दी जा सकती है।

पीठ ने बताया कि डीएसडब्ल्यूए एक ऐसा कॉमन फॉर्मेट जारी करेगी, जिसमें सभी एजेंसियों से एक जैसी और पूरी जानकारी मांगी जाएगी। अदालत ने निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई 10 मार्च 2026 से कम से कम एक हफ्ते पहले पूरी रिपोर्ट दाखिल की जाए। साथ ही यह भी बताया जाए कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई शुरू की गई है।




### तीन महीने से पानी की गुणवत्ता का डेटा गायब

यमुना नदी की हालत पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश के बावजूद यमुना और बड़े नालों के पानी की गुणवत्ता से जुड़ा ताजा डेटा पिछले तीन महीनों से सार्वजनिक नहीं किया गया है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को हर महीने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) और नालों के पानी की गुणवत्ता की रिपोर्ट अपलोड करनी होती है। लेकिन डीपीसीसी ने आखिरी बार सितंबर महीने में यह डेटा साझा किया था। वहीं, यमुना नदी और बड़े नालों को लेकर वेबसाइट पर उपलब्ध आखिरी रिपोर्ट अक्तूबर की है।

## संक्षिप्त खबरें

### वेज बिरयानी में हड्डी मिलाकर बेचने वाला गिरफ्तार

**लोनी, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** दो नंबर नीलम फैक्टरी 80 फुटा रोड स्थित वेज बिरयानी में हड्डी मिलाकर बेचने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में महिला ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एसीपी अंकुर विहार ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम राशिद उर्फ राहुल बताया है। वह सौ फुटा रोड नीलम फैक्टरी का रहने वाला है। राशिद पर आरोप है कि तन्नू शर्मा वेज बिरयानी खाने के लिए दो प्लेट पैक कराकर घर ले गई थी। बिरयानी खाने बैठे तो उसके अंदर से हड्डी निकली। वह पति के साथ बिरयानी बेचने वाले के पास पहुंची और मामले की शिकायत दुकान मालिक से की। आरोप है कि शिकायत करने पर दुकान मालिक ने उनके साथ कहासुनी के बाद गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

### जालसाजों ने फर्जी नंबर प्लेट के आधार पर 51 लाख रुपये का लोन ले लिया

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** जालसाजों ने फर्जी नंबर प्लेट के आधार पर 51 लाख रुपये का लोन लेकर पांच ट्रक ले लिए। साहिबाबाद से ट्रक को बरामद किया गया है। लोन की किस्त नहीं भरने पर मामले की जानकारी हुई है। फाइनेंस कंपनी ने जांच की, तो पता चला कि जिस वाहन नंबर पर लोन लिया गया है, वह वाहन नंबर, इंजन नंबर और चेचिस नंबर का वाहन कंपनी की ओर से बनाया गया ही नहीं है। फर्जीवाड़े में आरटीओ, बैंक कर्मचारी, उनके मैनेजर ओर डीएसए की मिली भगत का आरोप है। रजत डबास की आरबीआई के नाम से कंपनी है। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी जो वाहनों को लेकर लोन उपलब्ध कराती हैं।

# असम चुनाव को लेकर भाजपा की संगठनात्मक तैयारी तेज

» गुवाहाटी, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।

असम में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने शुक्रवार को गुवाहाटी का दौरा किया, जहां उन्होंने अहम बैठकों में हिस्सा लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरा और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नितिन नबीन का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि नितिन नबीन भाजपा असम राज्य कार्यकारिणी की बैठक और राज्य कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि यह दौरा पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने और आने वाले महत्वपूर्ण चुनावी



मुकाबले से पहले संगठन की रणनीति को धार देने के उद्देश्य से किया गया है। भाजपा असम राज्य कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए नितिन नबीन ने पार्टी कैडर की प्रतिबद्धता और ऊर्जा की सराहना की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही असम में भाजपा की बढ़ती ताकत की असली वजह हैं। उन्होंने बूथ स्तर पर संपर्क बढ़ाने और आम लोगों से जुड़ाव को और मजबूत करने का आह्वान किया।

नितिन नबीन ने जोर देकर कहा कि असम में भाजपा की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और एनडीए सरकार की उपलब्धियों को हर घर तक कितनी प्रभावी तरीके से पहुंचाया जाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी के विकास एजेंडे और कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक ले जाने की अपील की, ताकि मतदाता भाजपा की सुशासन और विकास की सोच से जुड़े रहें। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में असम के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनसे अपने रिश्ते को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया है।

# यूपीआई से फर्जी ट्रांजक्शन दिखा 94 हजार ठगे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** नंदग्राम थाना क्षेत्र के आंबेडकरनगर घूकना में रहने वाली भावना पत्नी मनोज गौतम ने साइबर ठग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। भावना ने बताया कि 28 नवंबर की दोपहर राहुल नाम के युवक की कॉल आई और बताया कि उसे उनके पापा को छह हजार रुपये भेजने हैं। उन्होंने ही आपका नंबर दिया है। छह हजार रुपये की बजाए गलती से 60 हजार रुपये ट्रांजक्शन हो गए हैं। ऐसे में वह उसे 54 हजार रुपये वापस कर दे। पीड़िता को 60 हजार रुपये की ट्रांजक्शन का स्क्रीन शॉट भी भेजा गया। पीड़िता ने 54 हजार रुपये साइबर ठग को ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद फिर से कॉल और 40 हजार रुपये फिर से गलती से ट्रांजक्शन होने की बात कही। भावना ने साइबर ठग की बातों पर विश्वास कर 40 हजार रुपये भी ट्रांसफर कर दिए। बाद में पता चला कि स्क्रीन शॉट फर्जी हैं और साइबर ठग ने 94 हजार रुपये ठगी की है। एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि राहुल नाम के युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है, मामले की जांच की जा रही है।

### भारतीय नौसेना की पनडुब्बी से समुद्री यात्रा करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रही हैं। वह नौसेना की पनडुब्बी में सवार होकर समुद्री में जाएंगी। राष्ट्रपति भवन द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति 28 दिसंबर को कर्नाटक के कारवार हार्बर से एक पनडुब्बी में समुद्री यात्रा करेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

# एमआईएस पोर्टल पर अब ओटीपी के बिना नहीं खुलेगा अकाउंट

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।

मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम पोर्टल की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया गया है। अब यूजर आईडी और पासवर्ड डालने के बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी को भरना अनिवार्य होगा। ओटीपी सत्यापन के बाद ही पोर्टल खुलेगा और किसी भी प्रकार की एडिटिंग संभव होगी।

पहले केवल यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से एमआईएस पोर्टल खोला जा सकता था। इस कारण कोई भी व्यक्ति दूसरे की आईडी से लॉगिन कर प्रोफाइल में बदलाव कर सकता था, जिसकी जानकारी शिक्षकों को देरी से मिलती थी। लेकिन नई व्यवस्था के बाद यदि कोई व्यक्ति किसी अन्य की



यूजर आईडी और पासवर्ड से लॉगिन करने का प्रयास करेगा, तो संबंधित शिक्षक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी पहुंच जाएगा। इससे शिक्षक तुरंत सतर्क हो सकेंगे कि उनके अकाउंट का दुरुपयोग किया जा रहा है।

### शिक्षक प्रोफाइल और छात्रों का डाटा रहेगा सुरक्षित

स्कूलों के एमआईएस पोर्टल पर छात्रों के डाटा को पहले ही सुरक्षित किया जा चुका है। अब शिक्षकों की प्रोफाइल को भी पूरी तरह सुरक्षित कर दिया गया है। फर्रुखनगर स्थित गवर्नमेंट स्कूल के हेड मास्टर अशोक कुमार ने बताया कि पहले शिक्षक का एमआईएस ब्लॉक और जिला स्तर के अधिकारी खोल सकते थे, लेकिन अब ऐसा संभव नहीं होगा। नई सुरक्षा व्यवस्था के तहत बिना शिक्षक की अनुमति के न तो उनकी प्रोफाइल देखी जा सकेगी और न ही उसमें कोई बदलाव किया जा सकेगा।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा बरवाला द्वारा तुलसी पूजन दिवस मनाया गया

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 26 दिसम्बर। भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा बरवाला द्वारा आज 25 दिसंबर 2025 को आशादीप पब्लिक स्कूल में तुलसी पूजन दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में परिषद के सभी सदस्यों ने तुलसी माता की आरती कर दीप प्रज्वलन किया।

इस अवसर पर शाखा सचिव आशा चुघ ने गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों को उनके बलिदान के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार पूरे परिवार ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। साथ ही उन्होंने तुलसी पूजन दिवस मनाने के कारणों और तुलसी के औषधीय व धार्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी ने तुलसी के समक्ष दीप जलाया और सभी उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक रूप से तुलसी माता की आरती की। इसके पश्चात शाखा सचिव आशा चुघ ने आए हुए सभी अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट स्वरूप प्रदान किया।

इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी, पूर्व अध्यक्ष वीरभान मिढ़ा, शाखा सचिव आशा चुघ, पूर्व प्रांतीय संयोजिका सुनीता मनचंदा, वार्ड नंबर 4 की पार्षद मीनू, पर्यावरण गतिविधि संयोजक देव राज असीजा, मंजू सरदाना, हर्षा पठनेजा, संस्कार संयोजक लीला कृष्ण, रवीना, शीतू, ममता, रेखा, सोनू सैनी सहित परिषद के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में संस्कार, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

## दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ अभियान तेज, एक दिन में 28 बसें जब्त

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।



राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने और उत्सर्जन मानकों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने पूरी दिल्ली में प्रवर्तन की कार्रवाई को और तेज कर दिया है। केवल एक दिन में ही इंटरस्टेट गाड़ियों समेत सामान ले जा रही 28 बसों को जब्त किया गया है, जबकि एक दिसंबर से लेकर अब तक प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने पर लगभग 100 बसों को जब्त कर कार्रवाई की गई।

पिछले 24 घंटों में एनफोर्समेंट एजेंसियों ने पूरी दिल्ली में बड़े पैमाने पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान 4927 गाड़ियों की सख्ती से जांच की गई, जिसमें दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा पीयूसीसी के तहत 2390 चालान किए गए, तो वहीं ट्रांसपोर्ट एनफोर्समेंट द्वारा पीयूसीसी के तहत 285 चालान और एएनपीआर कैमरों के जरिए 1114 चालान जारी किए गए हैं।

इसके अलावा ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने ग्रेप नियमों के उल्लंघन करने पर 11 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया, जबकि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ग्रेप से जुड़े 170 चालान जारी किए हैं। जांच के बाद कुल 238 वाहनों को नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देशों के साथ वापस किया गया।

दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने गलत तरीके से काम करने वाले प्रदूषण नियंत्रण केंद्रों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की है। अब तक 28 पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल (पीयूसी) सेंटर्स को सस्पेंड किया गया है, तो वहीं दो सेंटर्स का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है। साथ ही दो अन्य पीयूसी सेंटर्स के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की गई है। दिल्ली के गोकुलपुरी थाने में एक पीयूसी सेंटर के खिलाफ पीयूसीसी जारी करने में अनियमितता के आरोप पर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण को और मजबूत करते हुए दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के वरिष्ठ अधिकारियों को पूरी दिल्ली के पीयूसी सेंटर्स का व्यक्तिगत रूप से दौरा करने के निर्देश दिए हैं।

अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे खुद यह सुनिश्चित करें कि वाहन मालिकों को पीयूसी सर्टिफिकेट लेने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

साथ ही किसी भी तरह की गड़बड़ी या कमी की जानकारी मिलने की सूचना तुरंत मंत्री को दी जाए, ताकि त्वरित रूप से सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके।

परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ हमारी इस लड़ाई में प्रवर्तन की सख्त कार्रवाई के साथ-साथ नागरिकों की सुविधाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 12 लाख रुपये का माल हड़पने के मामले में तीन माह बाद रिपोर्ट दर्ज

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** शहीदनगर के ट्रांसपोर्टर का करीब 12 लाख रुपये का माल ले जाकर हड़पने का मामला सामने आया है। घटना के तीन माह बाद साहिबाबाद थाना पुलिस ने तीन माह बाद रिपोर्ट दर्ज की है। कार्रवाई को लेकर पीड़ित ने अधिकारी से मुलाकात की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अब जांच शुरू कर दी है। इस्माईल राणा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते सितंबर में उन्होंने पुलिस को शिकायत दी थी कि शाहदरा से एक विक्रेता ने 12 लाख का तार बिहार के व्यापारी को बेचा था। जिसे भिजवाने के लिए उनके ट्रांसपोर्ट से बुकिंग की थी। विक्रेता ने माल भिजवा दिया था। माल ट्रक में लोड होने से पहले तीन लोग मालवाहक वाहन लेकर आए और विक्रेता का नाम लेते हुए कहा कि भेजा हुआ माल गलत है। विक्रेता का भेजा हुआ तार लेकर आरोपियों ने स्पीकर के डिब्बे उनके यहां रख दिए। आरोपियों के पास ईवे-बिल समेत अन्य दस्तावेज थे तो उनके मैनेजर रमेश शर्मा झांसे में आ गए। आरोपियों का दिया माल बिहार पहुंचा तो पता चला कि इसकी कीमत 50 हजार रुपये भी नहीं है। इसके बाद विक्रेता से संपर्क किया तो उन्होंने भी माल बदलवाने से इन्कार किया। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### सेवानिवृत्त महिला के दो बैंक खातों से निकाले 20.89 लाख

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** ई-सिम चालू करने के नाम पर साइबर ठगों ने वाणिज्य कर विभाग से सेवानिवृत्त महिला के दो खातों से 20 लाख 89 हजार रुपये निकाल लिए। इस मामले में पटेल नगर द्वितीय की रहने वाली बुजुर्ग ने साइबर थाने में शिकायत दी है। एडीसीपी अपराध पीयूष सिंह ने बताया कि इस मामले में 69 साल की उर्मिला शर्मा की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि पटेल नगर द्वितीय में रहने वाली उर्मिला शर्मा के मुताबिक वह वाणिज्य कर विभाग से सेवानिवृत्त हैं। 17 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल पर अमर श्रीवास्तव नाम के युवक की कॉल आई।

## वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रोमिला पूनिया हिसार ने डीसी दादरी से की शिष्टाचार मुलाकात

» हरियाणा, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।



वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रोमिला पूनिया हिसार ने जिला उपायुक्त चरखी दादरी, आईएएस डॉ. मुनीश नागपाल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने जिले में विकास को लेकर प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए जिला उपायुक्त का धन्यवाद किया तथा उन्हें धन्यवाद के रूप में पुष्पगुच्छ भेंट भी किया। मुलाकात के दौरान प्रोमिला पूनिया ने कहा कि डॉ. मुनीश नागपाल के नेतृत्व में चरखी दादरी जिले में विकास कार्यों को मजबूती मिली है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है, जिससे आमजन को सीधा लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन की कार्यशैली को पारदर्शी, संवेदनशील और जनहितैषी बताया।

प्रोमिला पूनिया ने डीसी मुनीश नागपाल की कार्यकुशलता और सक्रिय प्रशासनिक भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कार्यप्रणाली से जिले में सकारात्मक माहौल बना है और विकास को नई दिशा मिली है।

वहीं, जिला उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने शिष्टाचार भेंट के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ही विकास कार्यों को गति मिलती है। उन्होंने जिले के सर्वांगीण विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कही। यह शिष्टाचार मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें जिले के विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा की गई।

## मोबिल ऑयल ने कानपुर में एक दर्जन राहगीरों को पहुंचाया अस्पताल : तीन गम्भीर

» सुनील बाजपेई



कानपुर, यूटर्न/ 26 दिसम्बर। आज यहां शुक्रवार की सुबह किसी अज्ञात वाहन से नेशनल हाईवे पर फैलाए गये मोबिल ऑयल ने एक दर्जन को अस्पताल पहुंचा दिया। आज सुबह यह घटना सचेंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भौती नेशनल हाईवे पर हुई, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। फिर भी रफ्तार में सड़क पर फैले हुए मोबाइल मिल की वजह सेलगभग एक दर्जन राज वीरों को अस्पताल पहुंचा दिया जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के मुताबिक किया घटना अज्ञात वाहन से बीच हाईवे पर मोबिल ऑयल गिर जाने के कारण हुई जिसके फल स्वरुप देखते ही देखते बाइक सवारों के गिरने का सिलसिला शुरू हो गया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना की कई बार सूचना दी गई, लेकिन शुरूआती समय में पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इससे घायलों की संख्या बढ़ती गई। एक किमी तक फैला तेल, लगा भीषण जाम अज्ञात वाहन से गिरा तेल लगभग एक किलोमीटर के दायरे में फैल गया, जिसके बाद हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई। बाद मे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभालते हुए फिसलन कम करने के लिए सड़क पर भूसी और मिट्टी डलवाई है। साथ ही सड़क पर फैलाने वाले वाहन की भी तलाश में जुटी हुई है।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना मंडी में वीर बाल दिवस मनाया गया





» हरियाणा, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना मंडी, जिला हिसार में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। वीर बाल दिवस का विशेष महत्व गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की शहादत को स्मरण करने का है। ये दोनों वीर बालक मात्र 6 और 9 वर्ष की आयु में अपने धर्म और विश्वास की रक्षा करते हुए मुगल अत्याचारों के विरुद्ध शहीद हो गए थे। इस दिवस का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को साहिबजादों की अद्वितीय बहादुरी, साहस और अटूट आस्था से प्रेरित करना है।

वीर बाल दिवस हमें सत्य, न्याय और धर्म के लिए दृढ़ता से खड़े होने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. भुवनेश भारद्वाज ने कहा कि हमें साहिबजादों की शहादत को सदैव स्मरण रखना चाहिए और उनके आदर्शों को समाज तक पहुँचाना चाहिए। उनकी कुर्बानी और देशप्रेम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सतीश भारती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देशप्रेम और देशसेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हमें अपने पूर्वजों की कुर्बानियों को हृदय में संजोकर रखना चाहिए और उनके प्रति विनम्रता तथा आदर भाव बनाए रखना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

## होटल में घुसकर किया हंगामा, तोड़फोड़ की धमकी दी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** नंदग्राम थाना क्षेत्र की राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीवीआईपी होटल में एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर जमकर हंगामा किया। युवक ने होटल स्टॉफ के साथ अभद्रता की, होटल बंद कराने और तोड़फोड़ की धमकी दी है। होटल प्रबंधक की शिकायत पर नंदग्राम थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि दिल्ली के नांगलोई निवासी राजकुमार सिंह के मुताबिक वह वीवीआईपी होटल में प्रबंधक हैं। बताया कि वीवीआईपी सोसायटी निवासी गौरव त्यागी बुधवार को होटल में सात-आठ अज्ञात लोगों के साथ आया और अभद्रता करने लगा। उन्होंने विरोध किया तो उसने होटल बंद कराने की धमकी दी। इस दौरान जब यह बताया गया कि होटल संचालन से संबंधित दस्तावेज और लाइसेंस उनके पास है जो की सराय एक्ट के तहत डीएम की तरफ से दिया जाता है। इतना कहने पर आरोपी ने धमकी दी कि यहां केवल उसका ही होटल चलेगा और यदि किसी अन्य ने होटल चलाया तो वह तोड़फोड़ मचा देगा। धमकी देकर आरोपी भाग गया। एसीपी ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

## एमबीबीएस में दाखिले के नाम पर 51.0 लाख की ठगी

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर वसुंधरा सेक्टर-10 में रहने वाले व्यक्ति से करीब 51.50 लाख रुपये की ठगी हुई है। मामले की शिकायत पीड़ित ने इंदिरापुरम थाना पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टूल्स बनाने की फैक्टरी चलाने वाले लक्ष्मीकांत पाराशर ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि प्रॉपर्टी डीलर नवीन शर्मा का कार्यालय वसुंधरा सेक्टर 16 में हैं। उनका बेटा एमबीबीएस में दाखिल लेना चाहता था। वह लगातार एमबीबीएस में दाखिला दिलाने की कोशिश कर रहे थे। इस बारे में नवीन को भी पता था। नवीन ने करीब पांच माह पहले उन्हें संतोष सिंह, अतुल सिंह और शिवकुमार सिंह से मिलवाया। तीनों ने कहा कि वह मैनेजमेंट कोटे से निजी कॉलेज में एडमिशन दिला देंगे।

# गुरुग्राम में 15 साल की दुष्कर्म पीड़िता ने दिया बच्चे को जन्म, डॉक्टर ने तस्करी की आशंका में बुलाई पुलिस

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

मिलेनियम सिटी के बसई चौक स्थित निजी अस्पताल में एक नवजात को बिना मुख्य डॉक्टर की जानकारी के भर्ती कराए जाने का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। अस्पताल संचालक को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने परिस्थितियों को संदिग्ध मानते हुए बच्चों की तस्करी की आशंका जताई और सेक्टर-9 थाना पुलिस को सूचना दी।

निजी अस्पताल के संचालक डॉ. श्याम सिंह ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उनकी अनुमति या जानकारी के बिना नवजात को अस्पताल में भर्ती किया गया, जो गंभीर लापरवाही है। उन्होंने अपने स्टाफ पर भी लापरवाही और संभावित मिलीभगत के आरोप लगाए।

उन्होंने बताया कि नवजात का जन्म सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में 15 दिन पहले हुआ है। साथ ही उनका आरोप है कि नागरिक अस्पताल की आशा वर्कर ही उनके अस्पताल तक नवजात को लेकर आई थीं।

इस दौरान नवजात के संग आई महिला ने बच्चे को तीन से चार घंटे रखने के लिए कहा। वहीं, जब भर्ती के दौरान कागज मांगे गए तब उनके पास कागज भी नहीं मिले। सूचना मिलते ही सेक्टर-9 थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच



शुरू की। पुलिस ने अस्पताल के रिकॉर्ड खंगाले, स्टाफ से पूछताछ की और संदिग्ध गतिविधियों की पड़ताल की।

### अस्पताल में होगी जांच

नागरिक अस्पताल में इस मामले को लेकर सोमवार को कमेटी गठित कर जांच की जाएगी। मामले में दो आशा वर्करों संतोष और ज्योति का नाम सामने आ रहा है। इसके बाद से पूरे अस्पताल में बृहस्पतिवार को सभी स्टाफ के बीच में हड़कंप मच गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल स्टाफ जांच करेगा। यह घटना से अस्पताल प्रशासन पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

### नाबालिग ने दिया जन्म

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि नवजात एक 15 वर्षीय नाबालिग रेप पीड़िता का बच्चा है, जिसके संबंध में पहले ही सेक्टर-10 थाने में एफआईआर दर्ज है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बच्चा पीलिया से पीड़ित था, जिसके इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल लाया गया था। साथ ही इस मामले में पॉक्सो एक्ट भी दर्ज है, वर्तमान में वह युवक पुलिस के पास है।

### आशा वर्कर ने पेश की फर्जी मां

देर रात पुलिस ने नवजात को परिजनों को सौंप दिया। इससे पहले जब पुलिस ने आशा वर्कर से नवजात की मां को बुलाने के लिए कहा, उस दौरान दूसरी महिला को लाकर पेश कर दिया।

पुलिस का कहना है कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि मामला तस्करी का है या फिर अस्पताल में भर्ती प्रक्रिया की अनियमितता और गलतफहमी का परिणाम। सेक्टर-9 थाना प्रभारी सुनील ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से गहन जांच की जा रही है।

यदि किसी भी स्तर पर नियम उल्लंघन या लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मामले के संज्ञान में आते ही कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को एक कमेटी का गठन कर बैठक की जाएगी। दोनों आशा कार्यकताओं को समिति के समक्ष उपस्थित कर जांच की जाएगी। जांच के दौरान जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## कारोबार में मुनाफे का झांसा देकर 38.88 लाख रुपये हड़पे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** नगर कोतवाली क्षेत्र में बजरिया में रहने वाले दंपती और एक अन्य ने कॉलोनी के ही एक व्यक्ति को झांसे में लेकर 38.88 लाख रुपये हड़प लिए। रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पीड़ित की तहरीर पर कारोबारी, उसकी पत्नी और साले के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि रेलवे रोड स्थित कंपाउंड बजरिया निवासी शुभम अग्रवाल के मुताबिक उनके परिचित गौतम आनंद और उनकी पत्नी पूनम आनंद व साले हरि प्रसाद मेहतो ने बताया कि वह मोबाइल और उनकी एसेसरीज बेचने का कारोबार करते हैं। उनकी दो फर्म हैं। कारोबार में अधिक मुनाफे का लालच देने पर पीड़ित ने भी सिद्धी कम्यूनिकेशन के नाम से फर्म खोल ली। पीड़ित का आरोप है कि माल लेने के लिए आरोपियों ने 58 लाख रुपये ले लिए। कुछ धनराशि का माल भेजकर बाकी आपूर्ति नहीं किया। बकाया 38.88 लाख रुपये मांगने पर आरोपियों ने गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने एसीपी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसीपी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है.

# फंडिंग के नाम पर व्यक्ति से 18 .50 लाख रुपये ठगे

» **इंदिरापुरम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

फंडिंग दिलाने के नाम पर मुरादनगर में रहने वाले पंकज गोयल के साथ 18.50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पंकज ने वसुंधरा सेक्टर-15 में रहने वाले जानने वाले समेत अन्य पर आरोप लगाया है। मामले की शिकायत इंदिरापुरम थाना पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पंकज गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें कुछ पैसों की जरूरत थी। उनका मेरठ में चल रहा प्रोजेक्ट रुका हुआ है। पैसों को लेकर वसुंधरा सेक्टर 15 में रहने वाले अरविंद शर्मा ने उन्हें आश्वासन दिया कि एक कंपनी से फंड दिला देगा। इसके बदले कुछ रकम कमीशन के रूप में देनी होगी और फंडिंग के रूप में मिली रकम का बड़ा हिस्सा नकद में लौटाना होगा। एक सितंबर को भारत ट्राइब ट्रेडर्स नाम की फर्म से फंड के पैसे ट्रांसफर करने के लिए उनके बैंक खाते की जानकारी मांगी गई। इसके बाद दस्तावेज ई-मेल भेजे गए। इसी दौरान अरविंद ने शिप्रा मॉल पर उनकी मुलाकात कुछ लोगों से कराई और इनके कहने पर पीड़ित ने भारत ट्राइब के खाते में 15 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। तुरंत ही उनके नाम पर 20 लाख रुपये का डिमांड ड्राफ्ट तैयार कराया गया, लेकिन यह उन्हें नहीं मिला।




इसके बाद ढाई लाख रुपये आरोपियों ने उनसे नगद लिए और एक लाख रुपये कार्तिकेय गुप्ता के खाते ट्रांसफर कराए। इसके बाद चंडीगढ़ के नंबर की कार में कुछ अन्य लोगों से मिलवाया। इन लोगों ने उनके दस्तावेज लिए और इनमें कुछ कमी बताते हुए पूरे करने को कहा। अरविंद ने कहा कि कंपनी नया प्रारूप देगी, जिसमें अपनी जानकारी भरकर भेज देना।

## लोगों ने लगाए पोस्टर... सबसे खराब सोसायटी में स्वागत है

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** हापुड़ रोड स्थित पंचशील प्राइमरोज सोसायटी में रह रहे लोग अव्यवस्थाओं से जूझ रहे हैं। सोसायटी परिसर में निवासियों ने वेलकम टू द वर्स्ट सोसायटी, वी आर इन ट्रबल, फ्लैट फॉर सेल जैसे पोस्टर लगाकर विरोध दर्ज कराया है। उनका कहना है कि सोसायटी में न तो सुरक्षा व्यवस्था है और न ही नियमित मेंटीनेंस हो रहा। आरडब्ल्यूए के पूर्व अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि सोसायटी में कई कार्य अब भी अधूरे हैं। इसके बावजूद बिल्डर ने नोटिस चस्पा कर एक तारीख तक एओए हैंडओवर लेने का दबाव बनाया है। चेतावनी दी गई है कि यदि हैंडओवर नहीं लिया गया तो बिल्डर सोसायटी छोड़ देगा। यहां रहने वाले सचिन तोमर का कहना है कि पिछले 10 दिनों से सोसायटी में सफाई नहीं हुई। अनुज शर्मा व भव्य चौहान ने बताया कि इस संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट के यहां भी शिकायत की थी, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं निकल पाया। रितु पाठक ने बताया कि बदहाल हालात से परेशान होकर कई लोग फ्लैट बेचकर यहां से जाने का मन बना चुके हैं। इस संबंध में पंचशील ग्रुप के सीईओ अंकुर नागर ने बताया कि हाल के दिनों में सोसायटी के कुछ निवासियों ने स्टाफ के साथ गाली-गलौज व बदतमीजी की थी। इसकी शिकायत पुलिस से भी की गई है। इस वजह से कई कर्मचारी नौकरी छोड़कर चले गए, जिससे काम प्रभावित हुआ है। नए स्टाफ की तैनाती की जा रही है। मेंटीनेंस को लेकर सीईओ ने कहा कि सोसायटी बने 12-13 साल हो चुके हैं, लेकिन मेंटीनेंस दर में बढ़ोतरी नहीं की गई। न ही निवासी हैंडओवर लेने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मात्र एक रुपये 56 पैसे प्रति वर्गफीट में मेंटीनेंस कर पाना मुश्किल है।

## कुत्तों ने महिला पर किया हमला, हंगामा

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** ब्रह्मपुत्र एन्क्लेव में लावारिस कुत्तों के झुंड ने एक महिला पर हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने पत्थर मारकर किसी तरह कुत्तों को भगाया। तब महिला की जान बची। इसके बाद सोसायटी में रहने वाली दो डॉग लवर महिलाओं पर लावारिस कुत्तों को फीडिंग कराने का आरोप लगाकर हंगामा किया। डॉग लवर महिलाओं ने भी सोसायटी के लोगों पर पथराव व मारपीट कर मोबाइल फोन छीनने का आरोप लगाया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ विजयनगर थाने में तहरीर दी है। ब्रह्मपुत्र एन्क्लेव सोसायटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र गुर्जर ने बताया कि घटना बुधवार देर शाम की है। सोसायटी में रहने वाली सुनीता अग्रवाल टहल रही थीं। इसी दौरान एक डॉग लवर के घर के बाहर मौजूद कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। लोगों ने बामुश्किल पत्थर मारकर और लाठी-डंडों से डराकर कुत्तों को भगाया। इस घटना के बाद सोसायटी के सैकड़ों लोग बृहस्पतिवार को थाने पहुंचे। उन्होंने डॉग लवर दो महिलाओं के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। डॉग लवर महिलाओं ने भी थाने जाकर तहरीर दी कि फीडिंग कराने पर सोसायटी के लोग विरोध करते हैं। यह भी आरोप लगाया कि देर शाम लोगों ने उनके घर पर पत्थर बरसाए, मारपीट की व मोबाइल फोन छीन लिए। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। सोसायटी के अध्यक्ष का आरोप है कि डॉग लवर महिलाएं लावारिस कुत्तों को फीडिंग कराती हैं।

# युवक को थाने लाकर पीटने, छोड़ने के नाम पर पैसे मांगने वाले दो सिपाही निलंबित

» **इंदिरापुरम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

सादे कपड़ों में वसुंधरा सेक्टर-13 में रहने वाले मिथुन राघव को जबरन थाने ले जाकर पीटने और छोड़ने के नाम पर पैसे मांगने के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। शिकायत मिलने के बाद डीसीपी ट्रांस हिंडन ने जांच की थी। जांच पूरी होने के बाद निलंबन की कार्रवाई की है।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल को वसुंधरा सेक्टर-13 में रहने वाले मिथुन राघव ने शिकायत दी थी। मिथुन ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि उसका चचेरे भाई राहुल के साथ लेनदेन का विवाद है। दोनों के बीच एक लाख रुपये को लेकर अक्सर विवाद होता है। उन्होंने आरोप लगाए थे कि बीते 19 दिसंबर को इंदिरापुरम थाने पर तैनात दो सिपाही गौरव और संदीप सादे कपड़ों में आए और उन्हें घर के पास से उठाकर थाने पर ले गए। यहां बंधक बनाकर उसकी पिटाई की और छोड़ने के एवज में पैसों की मांग की। आरोप है कि राहुल की दोनों सिपाहियों से पुरानी जान-पहचान है।




उसने धमकी भी दी थी और उसके फोन करने पर ही दोनों पुलिसकर्मियों ने थाने लाकर उसके साथ ऐसा सुलूक किया। डीसीपी ने इस मामले की जांच एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव को दी थी। पुलिस के मुताबिक जांच में पैसे मांगने या लेने के आरोपों की पुष्टि नहीं हुई। अधिकारियों के मुताबिक गलत कार्यप्रणाली को लेकर दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। विभागीय जांच शुरू की जाएगी।

## कोडीनयुक्त सिरप की तस्करी में आठ और फार्मा कंपनियों के नाम सामने आए

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

कोडीनयुक्त सिरप की तस्करी में आठ और फार्मा कंपनियों के नाम सामने आए हैं। औषधि विभाग की जांच में सामने आया कि इन कंपनियों ने वर्ष 2024 और 2025 में प्रदेशभर में 13 करोड़ 23 लाख 83 हजार 207 रुपये की सिरप का कारोबार किया। औषधि विभाग की ओर से अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध केशव चौधरी को भेजी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि सिरप तस्करी के आरोपी सौरव त्यागी, शादाब, अभिषेक शर्मा और पप्पन यादव ने इन फर्मों को कोडीनयुक्त सिरप व टेबलेट उपलब्ध कराईं। टीम का दावा है कि जीएसटी डिटेल में यह जानकारी सामने आई है। जांच में मैसर्स श्याम ड्रग एजेंसी का नाम भी उजागर हुआ है। औषधि निरीक्षक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि कोडीनयुक्त सिरप की आपूर्ति के मामले में जिले की आठ कंपनियों का रिकार्ड खंगाला गया है।

# पांच कोल ब्लॉक के लिए रिलायंस ने भी लगाई बोली

**करतला विकासखंड में तीन और कोरबा में 2 कोल ब्लॉक शामिल**

» **कोरबा, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

कमर्शियल माइनिंग से जिले के 5 कोल ब्लॉक का खनन पट्टा हासिल करने दो कंपनियों से 14वें दौर में शामिल खदानों की नीलामी के लिए बोलियां मिली है।इससे भविष्य में कमर्शियल माइनिंग से भी कोयला खदानों की संख्या बढ़ेगी। जिले में एसईसीएल की कोयला खदानें पहले से ही संचालित हैं, इनमें खुले मुहाने की कोयला खदान के अलावा भूमिगत खदानें भी हैं। जिन खदानों के लिए बोलियां मिली है, उनमें से तीन करतला विकासखंड में और दो खदानें कोरबा ब्लॉक में है। ये सभी खदानें 1 हजार मिलियन टन से अधिक उत्पादन क्षमता की है। कैप्टिव माइनिंग के



बाद अब साल 2020 से कमर्शियल माइनिंग से कोयला खनन को केंद्र सरकार ने अनुमति दे दी है। इसके बाद से कोल ब्लॉकों को चिन्हित कर कमर्शियल माइनिंग से प्राइवेट प्लेयर्स को खनन का अधिकार देने नीलामी सूची में रखा जा रहा हैं। इससे अब कोयला खनन में कोल इंडिया का एकाधिकार समाप्त हो गया है।

दूसरी ओर कोयला खनन में कोल इंडिया के लिए व्यवसायिक खनन का प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। कोयले के व्यावसायिक खनन का विरोध भी हुआ है। लेकिन इसे वापस लेने के बजाय कोल ब्लॉकों को कमर्शियल माइनिंग से आवंटित किया जा रहा है। 14वें दौर में 41 कोल ब्लॉकों को नीलामी सूची में रखने के बाद कंपनियों से बोलियां मंगाई गई। इनमें शामिल कोरबा के 5 कोल ब्लॉक के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एक्सिस एनर्जी वेंचर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की बोलियां मिली है। 5 कोल ब्लॉक में करतला विकासखंड के करतला साऊथ, कलगामार, मदवानी और कोरबा विकासखंड के बताती कोल्गा वेस्ट व तौलीपाली ब्लॉक है। अब इनकी बोलियों का मूल्यांकन तकनीकी मूल्यांकन समिति करेगी। इसके बाद योग्य बोलीदाताओं को नीलामी में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा।

# केंद्र सरकार ने राजस्थान और झारखंड के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 723 करोड़ रुपए जारी किए

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

केंद्र सरकार ने पंद्रहवें वित्त आयोग के अंतर्गत राजस्थान और झारखंड के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 723 करोड़ रुपए से अधिक की अनुदान राशि जारी की है। यह जानकारी पंचायती राज मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को दी गई। मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि केंद्र सरकार ने राजस्थान और झारखंड में पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) और ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को मजबूत करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत अनुदान जारी किए हैं।

बयान में आगे कहा गया कि राजस्थान में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 24 पात्र जिला पंचायतों, 339 ब्लॉक पंचायतों और 3,857 ग्राम पंचायतों के लिए अबद्ध (अन्टाइड) अनुदान की 303.0419 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की गई है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अबद्ध अनुदान की पहली और दूसरी किस्त के रोके गए हिस्से में से 145.24 करोड़ रुपए भी राजस्थान के अतिरिक्त पात्र ग्रामीण स्थानीय निकायों को जारी किए गए हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार की ओर से झारखंड राज्य के लिए, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अबद्ध



अनुदान की 275.1253 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई है। यह राशि राज्य भर में सभी पात्र 24 जिला पंचायतों, 253 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 4,342 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए है।

मंत्रालय के मुताबिक,सरकार वित्त मंत्रालय से पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के माध्यम से पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई)/ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) के लिए राज्यों को पंद्रहवें वित्त वर्ष के अनुदान जारी करने की सिफारिश करती है।

आवंटित अनुदान एक वित्तीय वर्ष में दो किस्तों में जारी किए जाते हैं। अबद्ध अनुदानों का उपयोग पीआर आई/आरएलबी द्वारा संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित उनतीस विषयों के अंतर्गत स्थान-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा। इसमें वेतन और अन्य स्थापना लागतें शामिल नहीं है।

## फटाफट खबरें

### निसान मोटर इंडिया भी बढ़ाएगी अपनी कारों की कीमत

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** नए साल में कार निर्माता कंपनी निसान मोटर इंडिया ने भी अपनी कारों की कीमत बढ़ाने का ऐलान किया है। जेएसडब्ल्यू-एमजी और मर्सीडीज बेंज के बाद 1 जनवरी 2026 से निसान की कारों के दाम 3 प्रतिशत तक बढ़ जाएंगे। वर्तमान में कंपनी भारतीय बाजार में एकमात्र कार मैग्नाइट बेच रही है। जापानी कार निर्माता कंपनी ने इसके पीछे का कारण नहीं बताया है, लेकिन इंडस्ट्री में इनपुट कॉस्ट और करेंसी प्रेशर को मुख्य कारण माना जाता है। कंपनी ने सिर्फ इतना कहा कि पूरे रेंज पर ये बदलाव लागू होंगे। निसान के अलावा मर्सिडीज बेंज, बीवायडी और एमजी जैसी कंपनियां भी इनपुट कॉस्ट बढ़ने की वजह से दाम बढ़ाने की घोषणा कर चुकी हैं। मैग्नाइट 32 हजार रुपए तक महंगी हो सकती है निसान मैग्नाइट की मौजूदा एक्स-शोरूम कीमत रुपए 5.62 लाख से रुपए 10.76 लाख के बीच है। 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद इसके अलग-अलग मॉडल्स की कीमतों में रुपए17,000 से लेकर रुपए32,000 तक की वृद्धि हो सकती है। यानी जनवरी से मैग्नाइट की नई रेंज रुपए 5.79 लाख से रुपए 11.08 लाख (एक्स-शोरूम) के बीच होने की उम्मीद है।

### न्यूजीलैंड में सुजुकी फ्रॉन्क्स की बिक्री पर लगाई रोक

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** न्यूजीलैंड में सुजुकी फ्रॉन्क्स की सेल्स पर मारुति सुजुकी ने रोक लगा दी है। मारुति सुजुकी ने यह फैसला फ्रॉन्क्स क्रैश टेस्ट में मिली 1 स्टार रेटिंग के बाद लिया है। कंपनी की सुजुकी फ्रॉन्क्स को ऑस्ट्रेलेशियन न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (एएनसीएपी) क्रैश टेस्ट में सिर्फ 1 स्टार रेटिंग मिली है। टेस्ट में रियर पैसेंजर सीटबेल्ट फेल हो गया, जिससे डमी अनकंट्रोल्ड होकर आगे की सीट से टकरा गई। एएनसीएपी ने इसे रेयर लेकिन सीरियस सेफ्टी इश्यू बताया। न्यूजीलैंड में बिकी 1,115 फ्रॉन्क्स के ओनर्स को एडवाइजरी जारी की गई कि रियर सीट्स में पैसेंजर्स न बिठाएं। एएनसीएपी ने फुल-विड्थ फ्रंटल टेस्ट में रियर सीटबेल्ट फेलियर नोट किया। इससे रियर डमी पूरी तरह अनरिस्ट्रेंड हो गई। एएनसीएपी सीईओ कार्ला हूरवेग ने कहा, सीटबेल्ट फेलियर रेयर और सीरियस है।

# भारतीय रेलवे की बड़ी तैयारी; अगले पांच साल में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई समेत 48 स्टेशनों की क्षमता दोगुनी होगी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

भारत रेलवे अगले पांच वर्षों में देश में दिल्ली, मुंबई और चेन्नई समेत 48 रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों को संभालने की क्षमता को दोगुना करने की योजना पर काम कर रहा है। यह जानकारी सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए एक आधिकारिक बयान में दी गई।

सरकार ने जिन शहरों में रेलवे स्टेशनों की ट्रेनों को संभालने की क्षमता को दोगुना करने की योजना बनाई है। उनमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु, पटना, लखनऊ, चंडीगढ़, जयपुर, भोपाल, गुवाहाटी, वाराणसी, आगरा, पुरी, कोचीन, कोयंबटूर, वडोदरा, सूरत, अमृतसर, लुधियाना, विशाखापत्तनम, तिरूपति, कोयंबटूर, विजयवाड़ा और मैसूर आदि का नाम शामिल है।

स्टेशनों की ट्रेनों की संभालने के लिए कई प्रकार के बदलाव किए जाएंगे, जिनमें मौजूदा टर्मिनल्स में नए प्लेटफॉर्म को जोड़ना, स्टेब्लिंग लाइनें, पिट लाइनें, और पर्याप्त शंटिंग सुविधाएं, साथ ही शहरी इलाके में और उसके आसपास नए टर्मिनल पहचानना और बनाना शामिल हैं।

बयान में कहा गया है कि स्टेशनों पर रखरखाव की सुविधाओं का विकास का काम भी किया जाएगा, जिसमें मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स और ट्रैफिक सुविधा कार्यों के साथ सेक्शनल क्षमता बढ़ाना, सिग्नलिंग अपग्रेडेशन, और अलग-अलग पॉइंट्स पर बढ़ी हुई ट्रेनों की संभालने के लिए जरूरी मल्टीट्रैकिंग भी शामिल है।

# टाटा सिएरा को 11.49 लाख रुपये की एक्स-शोरूम पर किया लॉन्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

पिछले कुछ दिनों से कई लोग टाटा सिएरा की ही बातें कर रहे हैं। कंपनी ने इस कार को 11.49 लाख रुपये की एक्स-शोरूम पर लॉन्च करके मार्केट में हलचल मचा दी है। हालांकि, जाहिर है कि यह कार इतने रुपये में तो नहीं बिकेगी।



एक्स-शोरूम कीमत में कई अन्य खर्चे जोड़े जाते हैं तब जाकर कार की ऑन-रोड प्राइस आती है जिसका ग्राहक को पेमेंट करना होता है। ऐसे में सवाल उठता है कि सिएरा की ऑन-रोड कीमत कितनी है? जो लोग इस कार को खरीदने का प्लान कर रहे हैं उनके लिए यह जानना जरूरी हो जाता है। बता दें कि टाटा सिएरा को पेट्रोल और डीजल इंजन के साथ कई अलग-अलग वेरिएंट्स में लाया गया है, जिनकी एक्स-शोरूम कीमत 11.49 लाख रुपये से शुरू होकर टॉप मॉडल के लिए 21.29 लाख रुपये तक जाती है। टाटा सिएरा का बेस वेरिएंट स्मार्ट प्लस के नाम से आता है। यह वेरिएंट पेट्रोल इंजन के साथ आता है और इसकी एक्स-शोरूम कीमत 11,49,000 रुपये है। नई दिल्ली में इसे खरीदने पर इसमें 1,14,900 रुपये आरटीओ यानी रोड टैक्स के लिए जोड़े जाएंगे। इसके बाद इसमें 55,041 रुपये इंश्योरेंस के लिए और 11,490 रुपये अन्य खर्चों के लिए जोड़े जाएंगे। इन सभी खर्चों को जोड़ने के बाद कुल कीमत होती है 13,30,431 रुपये और यही नई दिल्ली में सिएरा के बेस वेरिएंट की ऑन-रोड कीमत है। आपको इतने रुपयों का ही पेमेंट करना होगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बीच ही सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट कम कारोबार होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 367.25 अंक करीब 0.43 फीसदी टूटकर 85,041.45 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 99.80 अंक फिसलकर 26,042.30 पर बंद हुआ था। आज करोबार के दौरान आईटी शेयरों में गिरावट से भी बाजार पर दबाव आया। निफ्टी आईटी इंडेक्स एक फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। इसके अलावा, ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा शेयर गिरावट पर बंद हुए। दूसरी ओर एफएमसीजी, मेटल और कमोडिटीज के शेयरों में तेजी रही। लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर नीचे आये। निफ्टी मिडकैप 136.90 अंक नीचे आकर 60,314.45 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 13.50 अंक टूटकर 17,695.10 पर थे सेंसेक्स पैक में टाइटन, एनटीपीसी, एचयूएल, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर लाभ में रहे जबकि बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, टीसीएस, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, सन फार्मा, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, बीईएल, एमएंडएम और एचडीएफसी बैंक के शेयर नुकसान में रहे। व्यापक बाजार में भी आज गिरावट रही।

# जनवरी 2026 में 16 दिन बैंक बंद रहेंगे

» **मुंबई, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जनवरी 2026 के लिए बैंक छुट्टियों का कैलेंडर जारी कर दिया है। इस महीने में कुल 16 दिन बैंक बंद रहेंगे, जिनमें साप्ताहिक अवकाश और राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय त्योहार शामिल हैं। साप्ताहिक अवकाश के अंतर्गत प्रत्येक रविवार यानी 4, 11, 18 और 25 जनवरी को बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा महीने का दूसरा और चौथा शनिवार, 10 और 24 जनवरी को भी बैंक बंद रहेंगे। मुख्य राष्ट्रीय और क्षेत्रीय छुट्टियों में 1 जनवरी को नया साल, 2 जनवरी को नए साल का जश्न और 3 जनवरी को हजरत अली का जन्मदिन शामिल हैं। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कोलकाता में बैंक बंद रहेंगे। 14 और 15 जनवरी को मकर संक्रांति और पोंगल के त्योहार के चलते अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और अन्य शहरों में बैंक नहीं खुलेंगे। 16 और 17 जनवरी को चेन्नई में तिरुवल्लुवर दिवस और उझावर थिरुनाल पर छुट्टी रहेगी।

# योद्धा ने नया इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर योद्धा ट्रिवो किया लॉन्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक कॉमर्शियल मोबिलिटी कंपनी योद्धा ने अपना नया इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर योद्धा ट्रिवो लॉन्च किया है। कंपनी ने इसे खास तौर पर शहरों में सामान पहुंचाने और माल ढुलाई की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया है।

यह एक हेवी ड्यू एल5 इलेक्ट्रिक कार्गो 3-व्हीलर है, जिसे लेकर कंपनी का कहना है कि यह मजबूत बिल्ट और स्मार्ट टेक्नॉलजी के साथ जीरो-एमिशन परफॉर्मेंस का बेहतरीन कॉम्बिनेशन पेश करता है। योद्धा ट्रिवो की एक्स शोरूम प्राइस 4.35 लाख रुपये से शुरू होकर 4.75 लाख रुपये तक जाती है।

ट्रिवो योद्धा का भारतीय बाजार में दूसरा प्रोडक्ट है। इससे पहले योद्धा ईपीओडी के



रूप में इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा लॉन्च किया गया है, जो कि बेहतर माइलेज और भरोसेमंद परफॉर्मेंस की बदौलत अपने सेगमेंट में अच्छा कर रहा है। अब योद्धा ने ट्रिवो के रूप में इलेक्ट्रिक कार्गो सेगमेंट में एंट्री मारी है, ताकि भारत में बढ़ती लास्ट-माइल लॉजिस्टिक्स की मांग को पूरा किया जा सके।

योद्धा ट्रिवो को अर्बन और सेमी-अर्बन सिटीज में भारी सामान ढोने के लिए पेश किया गया है। इसमें 10 किलोवॉट का पावरफुल इलेक्ट्रिक मोटर लगा है, जो कि 48 किलोमीटर प्रति घंटे की टॉप स्पीड देने में सक्षम है। इसमें 11.8 केडब्ल्यूएच की फिक्स्ड बैटरी या 7.6 केडब्ल्यूएच की स्वैपेबल बैटरी का विकल्प मिलता है, जो कि एक बार फुल चार्ज होने पर 130 से 150 किलोमीटर तक चल सकता है। यह रेंज इसे दिन भर के कामों के लिए पर्याप्त बनाती है। योद्धा ट्रिवो की बैटरी को फुल चार्ज होने में 4-5 घंटे लगते हैं। इसकी पेलोड क्षमता 1200 किलोग्राम की है। योद्धा ट्रिवो के फीचर्स की बात करें तो मजबूत मेटल बॉडी डिजाइन और पूरी तरह बंद केबिन इसे खास बनाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### 15 केंद्रों पर होगी मिशन बुनियाद की परीक्षा, 97,144 ने किया आवेदन

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** मिशन बुनियाद के पहले चरण की परीक्षा आज आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए जिलेभर में कुल 15 केंद्र बनाए गए हैं। बुनियाद का पहला चरण पार करने वाले विद्यार्थी दूसरे चरण की परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए इस बार कुल 97,144 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा दोपहर साढ़े 12 से ढाई बजे तक होगी। इसके लिए विद्यार्थियों को आधा घंटा पहले पहुंचना होगा। वहीं, विद्यार्थी अपना एडमिट कार्ड पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं। जेईई, नीट, एडीए, यूपीएससी इत्यादि प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग देने के लिए विभाग की ओर से मिशन बुनियाद कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत तीन चरण की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल स्तर से तैयार किया जा रहा है। इसमें केवल राजकीय विद्यालयों से आठवीं पास करने वाले विद्यार्थी ही आवेदन कर सकते हैं। विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र लोचब ने बताया कि मिशन बुनियाद के तहत कराई जा रही है। यह परीक्षा छात्रों की नींव को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षकों द्वारा लगातार मेहनत और छात्रों के बेहतर प्रदर्शन की पूरी उम्मीद है।

### पीजी की सीढ़ियों से गिरने से महिला की मौत, मोबाइल पर बात करते हुए हुई घटना

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** सिटी थाना के अंतर्गत जवाहर नगर स्थित एक पीजी की सीढ़ियों से गिरने से बुधवार की रात एक महिला की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। वहीं, पुलिस ने मृत महिला के शव को एक निजी अस्पताल से कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया। मृतका की पहचान राजस्थान के भरतपुर निवासी हर्शिता (28) के रूप में हुई है। वह जवाहर नगर स्थित एक पीजी में दूसरी मंजिल पर रहती थी और मॉल में नौकरी करती थी। बुधवार की रात करीब 12.30 बजे वह मोबाइल पर बात करते हुए पीजी की सीढ़ियों पर टहल रही थी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर सीढ़ियों से नीचे गिर गई। हादसे में लगी गंभीर चोटों के कारण वह घायल हो गई। पीजी संचालकों ने उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# घामडोज टोल के पास सड़क किनारे मिला एक व्यक्ति का शव

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**



भोंडसी थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की सुबह घामडोज टोल के पास सड़क किनारे एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल, क्राइम ऑफ सीन व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराकर शव को मोर्चरी में पहुंचाया। अभी तक व्यक्ति की मौत के कारणों को पता नहीं चला है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। मृतक की पहचान सीतापुर (उत्तर प्रदेश) के तेहर रिचौना निवासी अमरनाथ (50) के रूप में हुई है। वह घामडोज टोल के पास स्थित वीके रब कंपनी में हेल्पर की नौकरी करता था और कंपनी के पास ही किराये के कमरे पर रहता था। पुलिस कंट्रोल रूम को सुबह घामडोज टोल के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। शव मिलने की सूचना मिलते ही भोंडसी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर छानबीन की। मृतक की पहचान होने के बाद परिवार वालों को सूचना दी। मृतक अमरनाथ के ताऊ के दो बेटे भोंडसी क्षेत्र में ही निजी कंपनियों में नौकरी करते हैं, उनको भी मौके पर बुलाकर पहचान कराई गई। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। अमरनाथ की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

जांच अधिकारी सुखबीर ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। अभी मौत के कारणों का पता नहीं लगा है कि किसी वाहन ने टक्कर मारी है या फिर मारपीट व अन्य वजह से मौत हुई है।

परिवार वालों के आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा, तभी मौत की सही वजह का पता चल सकेगा। मामले की छानबीन के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जाएगी ताकि मामला स्पष्ट हो सके।

मानेसर थाना क्षेत्र में दिल्ली-जयपुर हाईवे (एनएच-48) से कासन गांव की ओर जाने वाली सड़क पर बने ऑटो स्टैंड के पास बृहस्पतिवार की दोपहर करीब 12.30 बजे एक युवक का शव मिला। मृतक युवक के पास कोई दस्तावेज या मोबाइल नहीं होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि करीब 35 वर्षीय युवक ने शराब पी रखी थी और वह चलते हुए गिर गया था व उसकी मौत हो गई।

## वाहन टकराने पर अज्ञात बदमाशों ने युवक को गाड़ी से घसीटते हुए निकाला, फिर पीटा

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** सेक्टर-10 थाना क्षेत्र में 21 दिसंबर की शाम को एक गाड़ी से स्कूटी की टक्कर होने पर अज्ञात युवकों ने गाड़ी के चालक को बाहर घसीटते हुए मारपीट की। युवकों ने लोहे की रॉड से गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया। पीड़ित युवक को उसके दोस्तों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

इस मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। सेक्टर-37सी निवासी प्रियांशु ने सेक्टर-10 थाने की पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 21 दिसंबर की देर शाम करीब 7.30 बजे अपने दोस्त अमित के साथ गाड़ी से जा रहा था। यूरो इंटरनेशनल स्कूल के पास उसकी गाड़ी से स्कूटी में टक्कर हो गई। इसके बाद प्रियांशु व अमित गाड़ी से उतरे और स्कूटी वाले को उठाया व रोड से अलग बैठाया। इसके बाद वह गाड़ी में बैठ गया। इसी दौरान वहां लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। कुछ ही देर बाद चार-पांच अज्ञात युवक उसकी ओर आए और उसे गाड़ी से बाहर घसीटकर निकाला। इसके बाद डंडों से मारपीट शुरू कर दी और लोहे की रॉड से गाड़ी का शीशा तोड़ दिया।

पीड़ित प्रियांशु ने पुलिस को बताया कि मारपीट के दौरान उसकी सोने की चेन व अंगूठी भी चोरी हो गई। प्रियांशु ने बताया कि वह मारपीट करने वाले युवकों को पहचान सकता है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 24 दिसंबर को अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। जांच अधिकारी सोमदत्त ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके छानबीन की जा रही है। जल्द ही शिकायतकर्ता युवक से मारपीट करने वालों की पहचान करके उनको गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## मकान पर लिया लोन, मालिक को पांच माह बाद पता चला

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के पप्पू कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति को पांच माह बाद उनके घर पर लोन चलने की जानकारी हुई। ठगों ने फर्जी तरीके से लोन लिया। व्यक्ति ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। जगदीश प्रसाद ने दी शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ करीब 30 साल से रह रहे हैं। पांच माह पूर्व उन्हें पुलिस से पता चला कि इस मकान पर करीब 22 लाख रुपये का ऋण बकाया है लेकिन उन्होंने कोई लोन नहीं लिया था। जानकारी मिलने के बाद उन्होंने पता किया। उन्हें जानकारी मिली कि दिल्ली के चंदू पार्क निवासी योगेश विजय के नाम पर ऋण लिया गया है।

## किराये पर कार लेकर गिरवी रखने के फर्जीवाड़े में आरोपी को नहीं मिली राहत

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** अन्य लोगों के नाम पर रजिस्टर्ड दो कार बेच 17.10 लाख रुपये की ठगी के मामले में आरोपी अभय पेरिवाल को अदालत से राहत नहीं मिली। सेक्टर-78 के रहने वाले अभय पेरिवाल के अधिवक्ता की ओर से जमानत याचिका दायर कर दलील दी गई कि यह मामला सिविल है। अभय ने कोई ठगी, चोरी, लूट या कार की झपटमारी नहीं की है। दोनों पक्षों की ओर से रुपये लेन-देन हुआ है। सभी कार भी पुलिस बरामद कर चुकी है। ये 18 सितंबर 2025 से हिरासत में है।

वहीं अभियोजन पक्ष ने याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि आरोपी ने दो फ्रॉन्क्स कार किराये पर लेकर उन्हें गिरवी रखकर 21 लाख रुपये उधार ले लिए। आरोपी ने इस दौरान बताया कि ये कार उसकी है और इस तरह ठगी की गई। आरोपी के खिलाफ इसी तरह से ठगी की 5 अन्य एफआईआर भी दर्ज हैं। सभी पक्षों को सुनकर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम कुमार की अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

मामले में छांयसा थाने में एफआईआर 12 जून 2025 को दर्ज हुई थी। राजबीर नामक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी थी कि अभय पेरिवाल और प्रणव ने खुद को कार खरीदने-बेचने का काम करने वाला बताया। शिकायतकर्ता को दो फ्रॉन्क्स कार बेचने के नाम पर आरोपियों ने संपर्क किया। 17.10 लाख रुपये में सौदा तय हुआ और रुपये अदा कर दिए गए। 10 लाख रुपये नकद, 4 लाख अभय और 3.10 लाख रुपये प्रणव के खाते में अदा किए गए। बाद में पता चला कि ये दोनों कार तो इनकी थी ही नहीं। किसी अन्य लोगों से ये कार लेकर आरोपियों ने बेचने के नाम पर ठगी की।

## बीमा पॉलिसी में गलत पता होने पर रोका था क्लेम, अब ब्याज समेत देंगे 1.68 करोड़ रुपये

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**



बीमा पॉलिसी में गोदाम का पता गलत दर्ज होने पर रोके गए क्लेम ब्याज के साथ 1.68 करोड़ रुपये कंपनी को शिकायतकर्ता को देने होंगे। उपभोक्ता आयोग ने कंपनी के तर्क को खारिज करते हुए कहा कि कंपनी कर्मी गोदाम पर सामान की जांच करने के लिए भी जाती थी। यह आदेश जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष संजीव जिंदल ने दिया है।

न्यू कॉलोनी स्थित मोहिनी ट्रेडर्स की मालिक सुनीता गोयल की तरफ से आयोग में दायर की गई याचिका में बताया गया कि उनके गोदाम में खाद्य और उपभोक्ता वस्तुओं के वितरक का सामान रखते थे। तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक कंपनी से अपने गोदाम का बीमा कराया था। उन्होंने बताया कि नौ जून 2019 को उनके गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। इसकी सूचना पुलिस के साथ ही दमकल विभाग को भी दी गई थी। आग लगने से उनके गोदाम में करीब 1.74 करोड़ रुपये का सामान रखा हुआ था उसमें से 1.68 करोड़ रुपये का सामान जलकर खराब हो गया था। बीमा कंपनी को जब इसकी सूचना दी गई तो कंपनी की तरफ से एक व्यक्ति ने आकर सामान की जांच की। जांच करने के बाद कहा गया कि 2.97 लाख रुपये का ही सामान जलकर खराब हुआ है। क्लेम देने के दौरान कंपनी ने कहा कि पॉलिसी पर जो पता लिखा है उस जगह पर गोदाम नहीं है। उपभोक्ता आयोग ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद माना कि कंपनी की तरफ से बीमा देने के बाद समय-समय पर गोदाम में रखे गए सामान की जांच भी की जाती थी।

# मेट्रो कास्टिंग यार्ड के लिए जगह खाली कराने की कवायद शुरू

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**



मेट्रो कास्टिंग यार्ड के लिए जगह खाली कराने की कवायद शुरू हो गई है। 21 साल पहले पंचायत और एग्रीकल्चर लैंड पर बैठे मार्बल कारोबारियों को जल्द ही हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) की मार्बल मार्केट में विस्थापित होना पड़ेगा। इसके लिए हुडा ने कवायद तेज कर दी है। जबकि मार्बल कारोबारियों को अदालत और सरकार से आस की उम्मीद है। गुरुग्राम मेट्रो के विस्तार के चलते सेक्टर-33 में मेट्रो कास्टिंग यार्ड बनाया जाना है। जिसके लिए हुडा की ओर से मेट्रो प्रबंधन को करीब पांच हेक्टेयर जमीन पर कब्जा देना है। हुडा सिटी सेंटर के आगे पुराने शहर में आने वाली मेट्रो लाइन पर सेक्टर-33 आता है। यहां पर हुडा ने विस्थापन योजना के तहत मार्बल कारोबारियों को बसा रखा है। मेट्रो की योजना चलते 61 मार्बल कारोबारी हुडा के निशाने पर हैं। मार्बल कारोबारियों की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को ज्ञापन देकर गुहार कर चुके हैं।

हुडा के संपदा विभाग की सर्वे ब्रांच की ओर से 61 कारोबारियों को मार्केट से ही कुछ दूरी पर बसाने के लिए पैमाइश की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 29 दिसंबर से लेकर 9 जनवरी के बीच में कारोबारियों को नए स्थान पर शिफ्ट करने को कहा गया है। इसके साथ ही हुडा की ओर से उपायुक्त को पत्र लिखकर इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी मांगा है। बता दें कि गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) ने मेट्रो निर्माण करने वाली कंपनी को कास्टिंग यार्ड बनाने के लिए पांच हेक्टेयर जमीन सेक्टर-33 में दी है। यहां पर निर्माण कंपनी गर्डर, एलिवेटेड गर्डर समेत अन्य स्ट्रक्चर बनाने के लिए प्लांट स्थापित करेगी।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने कास्टिंग यार्ड/ बैचिंग प्लांट बनाने के लिए सेक्टर-33 स्थित नाहरपुर रूपा गांव (ट्रांसपोर्ट नगर) में करीब पांच हेक्टेयर जमीन गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड को अस्थायी तौर पर दी हुई है। मेट्रो निर्माण कंपनी दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड-रंजीत बिल्डकॉन लिमिटेड यहां पर गर्डर, एलिवेटेड गर्डर समेत अन्य स्ट्रक्चर बनाने के लिए प्लांट स्थापित करेगी। जीएमआरएल पहले चरण में मिलेनियम सिटी सेंटर से सेक्टर नौ तक कॉरिडोर निर्माण कराएगी। इसके लिए कंपनी ने सेक्टर-33 के पास पाइल टेस्टिंग का काम शुरू कर दिया है।

### जनवरी के अंत तक दिखने लगेंगे मेट्रो पिलर

जीएमआरएल अधिकारियों ने बताया कि जनवरी के अंत तक पिलर दिखने शुरू हो जाएंगे। माह के अंत तक 35 पिलर तैयार होने की उम्मीद है। सेक्टर-33 के कास्टिंग यार्ड में यू-गार्डर निर्माण तेज कर दिया गया है। निर्धारित समय से पहले ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो पूरा करना लक्ष्य है। निर्माण के दौरान वाहन चालकों को परेशानी न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस और विशेषज्ञ मिलकर डायवर्जन प्लान तैयार करेंगे। यातायात मार्शल भी तैनात किए जाएंगे। एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## ट्रैफिक इंस्पेक्टर को मामले में राहत दिलाने पर रिश्वत लेने का आरोपी एसआई बरी

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** ट्रैफिक इंस्पेक्टर के खिलाफ दर्ज मामले में राहत दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये की रिश्वत की मांग करने वाले आरोपी एसआई एसआई नरेंद्र कुमार को जिला अदालत ने बरी कर दिया है। यह आदेश अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत सहगल की अदालत ने दिया है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर बलबीर की शिकायत पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने मामला दर्ज किया था। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि सुशांत लोक में तैनात एसआई नरेंद्र कुमार ने उनके पास फोन किया था।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में विहिप ने किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) फरीदाबाद की ओर से बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में शहर में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की शुरूआत सेक्टर 28-19 चौक से हुई जो ओल्ड मार्केट से होते हुए सेक्टर 16 तक पहुंचा। यहां प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद फरीदाबाद के सह मंत्री दिनेश मित्तल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन हैं।

# नेशनल शूटिंग चैंपियनशिपः सूरज शर्मा का डबल धमाका, 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में जीते द्वयगोल्ड




**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा ने शुक्रवार को दो गोल्ड मेडल जीते। डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में उन्होंने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (आरएफपी) में सीनियर और जूनियर दोनों पुरुषों के नेशनल खिताब अपने नाम किए। सूरज ने जूनियर फाइनल में दबदबा बनाते हुए 30 हिट के साथ गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद सीनियर फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 31 हिट के साथ एक और खिताब अपने नाम किया।

सीनियर फाइनल में सूरज ने अपने शुरूआती 20 में से 19 टारगेट पर निशाना साधा, और 31 हिट के साथ मुकाबला खत्म करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। पंजाब के डिफेंडिंग चैंपियन विजयवीर सिद्धू ने 28 हिट के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं, राजस्थान के भावेश शेखावत ने 24 हिट के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। इनके अलावा, अंकुर गोयल 14 हिट के साथ चौथे स्थान पर रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुकेश नेलावल्ली के खिलाफ लगातार तीन शूट-ऑफ में हिस्सा लिया, जो आखिरकार 12 हिट के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इस सूची में हरियाणा के आदर्श सिंह पांच हिट के साथ छठे पायदान पर रहे। वहीं, 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (आरएफपी) जूनियर पुरुषों के फाइनल में सूरज शर्मा ने 30 हिट के साथ गोल्ड मेडल पर निशाना साधा, जबकि मुकेश नेलावल्ली ने 25 हिट के साथ सिल्वर मेडल जीता। हरियाणा के जतिन ने शूट-ऑफ के बाद 22 हिट्स के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस इवेंट में समीर चौथे स्थान पर रहे, जिन्होंने 17 हिट्स (571-18७) लगाए। भव्य शर्मा आठ हिट्स (570-16७) के साथ पांचवें और अभिनव चौधरी छह हिट्स (569-15७) के साथ छठे स्थान पर रहे। सीनियर टीम कैटेगरी में, पंजाब ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस टीम के लिए विजयवीर सिद्धू, उदयवीर सिद्धू और राजकंवर सिंह संधू ने 1725 का स्कोर किया। हरियाणा दूसरे स्थान पर रहा, जिसके लिए आदर्श सिंह, मनदीप सिंह और समीर ने 1722 का स्कोर किया।



# सफलता के लिए करिश्मा तन्ना को करना पडा कठिन संघर्ष

टीवी और फिल्मों की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाली करिश्मा तन्ना को कठिन संघर्ष से गुजरना पडा। अभिनेत्रियों के लिए यहां अपनी जगह बनाना आसान नहीं होता। रंग, रूप, कद-काठी और उम्र जैसे पैमानों पर बार-बार परखा जाना आम बात है।अपनी लंबी हाइट की वजह से उन्हें कई टीवी सीरियल्स में रिजेक्शन झेलना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। 21 दिसंबर को जन्मीं करिश्मा तन्ना ने कभी यह नहीं सोचा था कि वह अभिनय की दुनिया में कदम रखेंगी। कॉलेज के दिनों में दोस्तों के कहने पर उन्होंने एक फोटोग्राफी सेशन में हिस्सा लिया। दोस्तों ने उनकी तस्वीरें अलग-अलग जगह भेज दीं और यहीं से उनकी जिंदगी ने नया मोड़ ले लिया। फोटोशूट और मॉडलिंग के ऑफर्स आने लगे और इसी दौरान उन्हें बालाजी टेलीफिल्म्स से फोन आया। खास बात यह रही कि सिर्फ एक कॉल के जरिए ही करिश्मा को उनका पहला टीवी शो मिल गया और पहली ही कोशिश में उनका चयन हो गया। करिश्मा तन्ना ने टीवी पर पहचान क्योंकि सास भी कभी बहू थी से बनाई। इसके बाद वह साल 2003 में कोई दिल में है में नजर आईं। साल 2005 में एक लड़की अंजानी सी में उन्होंने निगेटिव रोल निभाकर दर्शकों का ध्यान खींचा। इसके बाद प्यार के दो नामः एक राधा, एक श्याम जैसे शोज का हिस्सा रहीं। हालांकि, टीवी पर काम मिलने के बावजूद उन्हें ज्यादातर साइड रोल ही ऑफर होते रहे, जिससे वह संतुष्ट नहीं थीं और उन्होंने फिल्मों की तरफ रुख करने का फैसला किया। फिल्मी करियर भी उनके लिए आसान नहीं रहा। यहां भी उन्हें छोटे और सीमित रोल ही मिले। साल 2013 में रिलीज हुई ग्रैंड मस्ती उनकी पहली फिल्म थी। इसके बाद वह टीना एंड लोलो और रणबीर कपूर स्टारर संजू में नजर आईं। संजू उनके करियर की सबसे बड़ी और हिट फिल्मों में से एक साबित हुई, लेकिन इसके बावजूद उन्हें उम्मीद के मुताबिक काम नहीं मिला। फिल्म के बाद करीब एक साल तक वह घर पर बैठी रहीं और इस दौर में डिप्रेशन का शिकार हो गईं। करिश्मा ने खुद बताया था कि उन्होंने कई प्रोडक्शन हाउस से संपर्क किया, लेकिन हर जगह से निराशा ही हाथ लगी। इंडस्ट्री में उनके करीबी दोस्त भी नहीं थे, जिससे वह अपनी परेशानी किसी से साझा नहीं कर पाईं।



# चढ़ा शिल्पा शेट्टी का पारा

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी एक बार फिर विवादों के चलते सुर्खियों में हैं। हाल के दिनों में उनके नाम को लेकर लगातार ऐसी खबरें सामने आईं, जिनमें मुंबई स्थित उनके बेस्टियन रेस्टोरेंट और निजी आवास पर इनकम टैक्स की कार्रवाई की चचाएं की जा रही थीं। इन खबरों के बीच 60 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जांच को और आगे बढ़ाते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 420 भी जोड़ दी है। इसके बाद शिल्पा शेट्टी का नाम एक बार फिर चर्चा में आ गया। इस पूरे मामले पर अब शिल्पा शेट्टी ने पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि उनका नाम बार-बार बेवजह इस मामले में घसीटा जा रहा है। शिल्पा ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वह इस केस से किसी भी तरह से जुड़ी नहीं हैं और उन्हें जानबूझकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया में चल रही कई खबरें तथ्यहीन और भ्रामक हैं, जिनका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं है। शिल्पा शेट्टी ने यह स्पष्ट किया कि वह कानून का पूरा सम्मान करती हैं और जांच एजेंसियों के साथ सहयोग के लिए हमेशा तैयार हैं, लेकिन बिना किसी ठोस सबूत के उनका नाम उछालना गलत है।

# टी20 सीरीजः दीप्ति शर्मा तीसरे मुकाबले में खेल सकती हैं



» **तिरुवनंतपुरम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम और श्रीलंका के बीच 5 टी20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। बुखार की वजह से दूसरे टी20 से बाहर रहीं ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा इस मैच का हिस्सा हो सकती हैं। वहीं टॉस के समय यह निश्चित होगा कि जेमिमा रोड्रिग्स प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगी या नहीं। भारतीय टीम के कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि दीप्ति बिल्कुल ठीक हैं। वह फिट हैं और तीसरे टी20 के लिए उपलब्ध हैं। मजूमदार ने जेमिमा रोड्रिग्स के खेलने पर कहा, उसे थोड़ी दिक्कत थी, लेकिन मुझे लगता है कि अब वह ठीक है। वह आराम कर रही है। डॉक्टर और फिजियो उस पर नजर बनाए हुए हैं और लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उसे ठीक हो जाना चाहिए। हेड कोच ने कहा कि हमने वनडे विश्व कप के दौरान जितना हो सके सेटल रहने की कोशिश की। छह महीने बाद टी20 विश्व कप है। हम कुछ चीजों के बारे में अच्छी तरह जानते हैं।

हमें पता है कि टी20 टीम को किस दिशा में ले जाना है। बहुत सारी चीजें आजमाई जा रही हैं। अगले टी20 विश्व कप के लिए मजबूत और संतुलित टीम बनाने के उद्देश्य से हम प्लेइंग इलेवन में रोटेशन जारी रखेंगे। हमारा लक्ष्य विश्व कप से पहले टीम को सेटल करना है।



# इरफान पठान ने सुपर जायंटस की बल्लेबाजी को कमजोर बताया

» **मुम्बई, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने आईपीएल 2026 के लिए की लखनऊ सुपर जायंटस की बल्लेबाजी को कमजोर बताया है। पठान ने कहा कि जिस प्रकार से टीम ने मिनी नीलामी में खरीददारी की है। उसमें भी उसने गेंदबाजी पर ही जोर दिया। इससे उसके पास अच्छे गेंदबाज तो काफी हो गये हैं पर अच्छे बल्लेबाजों की उसे कमी है। की जरूरत है।

पठान ने कहा टीम के पासा एनरिक नॉर्टजे जैसा तेज गेंदबाज और वानिन्दु हसरंगा जैस स्पिनर है। उसके पास तेज गेंदबाजी सहित सभी क्षेतों में अच्छे विकल्प हैं पर बल्लेबाजों की कमी नजर आती है। पठान ने कहा, आयुष बडोनी और अब्दुल समद के अलावा उसे एक और अच्छे बल्लेबाज की जरुरत है। मुझे उम्मीद थी कि वह लिविंगस्टोन जैसे किसी खिलाड़ी को खरीदेगा पर ऐसा नहीं हुआ। कुल मिलाकर टीम को अभी भी कम से कम पांच अच्छे स्तर के बल्लेबाज चाहिये।

उन्होंने स्ट्रेलियाई विकेटकीपर जोश इंग्लिस को 8.6 करोड़ रुपए में खरीदने पर भी सवाल उठाते हुए कह कि उसे केवल चार आईपीएल मैचों के लिए खरीदना फायदेमंद नहीं है। हैं।

वहीं पूर्व बल्लेबाज अभिनव मुकुंद ने कहा, अगर आप सुपरजायंटस के बल्लेबाजी क्रम को देखें तो वह भी सनराइजर्स की ही तरह ही आक्रामक हैं पर उसके बल्लेबाज लंब पारियां नहीं खेल सकते।

इंग्लिस अगर पूरे सत्र के लिए उपलब्ध होते तो भी फायदेमंद नहीं रहते। इसका कारण है कि वह शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के लिए नहीं रखे गये हैं। अब्दुल समद, आयुष बडोनी, एडेन मार्करम, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, ऋषभ पंत (कप्तान), निकोलस पूरन, मिशेल मार्श, शाहबाज अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, मयंक यादव, अवेश खान, मोहसिन खान, मणिमारन सिद्धार्थ, दिगवेश राठी, प्रिंस यादव, आकाश सिंह।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### ईरान में पूर्व अफगान पुलिस कमांडर की हत्याः मीडिया रिपोर्ट

**तेहरान, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** ईरान की राजधानी तेहरान में एक सशस्त्र हमले में एक पूर्व अफगान पुलिस कमांडर की हत्या कर दी गई। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मेहर ने ईरान पुलिस के एक जानकार सूत्र के हवाले से बताया कि मृतक की पहचान इकरामुद्दीन सरी के रूप में हुई है, जो पूर्व अफगान सरकार के तहत उत्तरी अफगानिस्तान के तखर प्रांत में पुलिस कमांडर थे। सरी को वलियासर स्ट्रीट स्थित अपने कार्यस्थल से निकलने के बाद गोली मार दी गई। इसमें आगे बताया गया कि सरी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई। घटना की जांच जारी है।

### पूर्वी मेक्सिको में बस पलटने से 10 लोगों की मौत, 32 घायल

**मेक्सिको सिटी, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** पूर्वी मेक्सिको के वेराक्रूज राज्य के जोटेकोमाटलान नगर पालिका में एक बस खाई में गिर जाने से 10 लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जोटेकोमाटलान नगर पालिका सरकार ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर एक बयान जारी कर कहा कि इस दुर्घटना में 9 वयस्क और एक नाबालिग की मौत हो गई। अधिकारी मृतकों की पहचान की पुष्टि करने में जुटे हैं। बचे हुए लोगों और आपातकालीन बचाव कर्मियों ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार को उस समय हुई जब कोनेक्सियन कंपनी द्वारा संचालित बस उत्तरी वेराक्रूज की एक कठिन सड़क पर चलते समय नियंत्रण से बाहर हो गई।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की हत्या से यूनुस ने झाड़ा पल्ला, सांप्रदायिक घटना मानने से किया इनकार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हालत दयनीय है। अल्पसंख्यक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या को अभी एक महीना भी नहीं हुआ था कि दूसरा मामला सामने आ गया। ताजा जानकारी के अनुसार अमृत मंडोल नाम के एक हिंदू युवक की भीड़ ने हत्या कर दी। हालांकि, यूनुस सरकार का कहना है कि इसका सांप्रदायिक हिंसा से कोई संबंध नहीं है।

सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि भीड़ ने एक और हिंदू युवक की हत्या कर दी है। ऐसे में बांग्लादेशी मीडिया बीएसएस की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, अंतरिम सरकार ने राजबाड़ी मॉब लिंचिंग में हुए शख्स की हत्या की कड़ी निंदा की। इसके साथ ही यूनुस सरकार ने सोशल मीडिया और कुछ मीडिया आउटलेट्स पर चल रहे इस दावे को खारिज कर दिया कि यह घटना सांप्रदायिक थी। यूनुस सरकार ने अपराधियों को कानून के दायरे में लाने का वादा किया।

सीए के प्रेस विंग की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, हसरकार के संज्ञान में आया है कि राजबाड़ी जिले के पंग्शा पुलिस स्टेशन इलाके में बुधवार की रात को हुई दुखद हत्या के बारे में सोशल मीडिया और अलग-अलग मीडिया आउटलेट्स पर गुमराह करने वाली जानकारी फैलाई जा रही है।

बीएसएस ने बताया कि पुलिस की जानकारी और शुरुआती जांच के अनुसार,



यह घटना बिल्कुल भी सांप्रदायिक हमला नहीं थी, बल्कि यह जबरन वसूली और आतंकवादी गतिविधियों से पैदा हुई हिंसक स्थिति से उपजी थी। बयान में कहा गया है कि मरने वाले की पहचान अपराधी अमृत मंडोल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई है। वह जबरन वसूली के पैसे मांगने इलाके में गया था और गुस्साए स्थानीय लोगों के साथ झड़प के दौरान मारा गया।

बयान के अनुसार, सम्राट पहले भी 2023 में दर्ज मर्डर और वसूली समेत कई गंभीर मामलों में आरोपी था। सभी मामलों में उसके खिलाफ अरेस्ट वारंट हैं। पुलिस ने उसके एक साथी सलीम को मौके से एक विदेशी पिस्टल और एक पाइपगन के साथ हिरासत में लिया और कहा कि इस घटना के संबंध में पहले ही तीन मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया, सरकार इस हत्या की कड़ी निंदा करती है। सरकार यह साफ करना चाहती है कि सरकार किसी भी तरह की गैर-कानूनी गतिविधियों, सामूहिक मारपीट या हिंसा का समर्थन नहीं करती है। इस घटना में सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने इस घटना की जांच जारी रखी है। यूनुस सरकार ने इसे सांप्रदायिक हिंसा मानने से इनकार करते हुए कहा, हसरकार इस बात पर गहरी चिंता जता रही है कि एक खास समूह मरने वाले की धार्मिक पहचान को हाईलाइट करके इस घटना को सांप्रदायिक हमला बताने की कोशिश कर रहा है, जो पूरी तरह से बेबुनियाद है और गलत इरादों से किया गया है।

# म्यांमार में चुनाव की तैयारी, लोकतंत्र नहीं बल्कि सत्ता वैध ठहराने की कोशिश

**नेपीता, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** म्यांमार में 2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद पहली बार 28 दिसंबर को चुनाव कराए जाने की तैयारी है, लेकिन इस प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। विश्लेषकों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों का कहना है कि यह चुनाव लोकतंत्र की ओर कदम नहीं, बल्कि सैन्य शासन की सत्ता को वैध ठहराने की कवायद है। पूर्व नेता आंग सान सू ची जेल में हैं, उनकी पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी को भंग कर दिया गया है और देश का करीब एक-तिहाई हिस्सा या तो विद्रोहियों के नियंत्रण में है या विवादित क्षेत्रों में आता है। ऐसे में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के दावे पर कम ही लोग भरोसा जता रहे हैं। तख्तापलट के बाद देश छोड़ चुके 25 वर्षीय पाई का कहना है, यह चुनाव जनता के लिए नहीं, बल्कि सेना अपने लिए कर रही है। वे अंतरराष्ट्रीय दबाव से निकलने का रास्ता तलाश रहे हैं। वहीं, सैन्य शासन ने आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा है कि चुनाव जनता के हित में हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की राय उनके लिए मायने नहीं रखती। हालांकि संयुक्त राष्ट्र और कई पश्चिमी देशों ने इस चुनाव को दिखावा करार दिया है। संघर्ष की तीव्रता भी बढ़ी है। 2025 में हवाई और ड्रोन हमलों में करीब 30% की वृद्धि हुई है और जबरन भर्ती के मामलों में भी इजाफा हुआ है। इन हालात में चुनाव से स्थिरता आने की उम्मीद कम ही जताई जा रही है।

# यीशु मसीह के जन्म स्थान पर दो साल बाद मना क्रिसमस पर्व

**यरुशलम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** येरूशलम के नजदीक मौजूद यीशु मसीह के जन्म स्थान बेथलेहम में इस बार पूरे दो साल बाद धूम-धाम से क्रिसमस सेलिब्रेशन मनाया जा रहा है। चर्च ऑफ द नेटिविटी के पास स्थित मैंगर स्क्वायर में बड़ा क्रिसमस ट्री लगाया गया। है। त्योहार मनाने के लिए जुटे लोगों ने परेड और प्रार्थना की। इसी तरह चीन, केन्या, यूक्रेन और पाकिस्तान में भी क्रिसमस मनाया जा रहा है। ईसाईयों के सर्वोच्च धर्मगुरु 14वें पोप लियो मई में चुने जाने के बाद पहली बार क्रिसमस सेलिब्रेशन की अध्यक्षता कर रहे हैं। पोप ने वेटिकन सिटी में 24 दिसंबर की रात सेंट पीटर बेसिलिका चर्च का पवित्र दरवाजा खोलकर क्रिसमस के जश्न की शुरुआत की। बता दें कि दुनियाभर में क्रिसमस के उत्सव की शुरूआत हो चुकी है। ईसाई धर्म के अनुयायी यीशु मसीह के जन्म का जश्न मना रहे हैं और प्रार्थना के लिए चर्च पहुंच रहे हैं। घरों से लेकर शहरों के मुख्य चौराहों और गलियों को सजाया गया है।

# पाकिस्तान में सिंधियों के खिलाफ जड़ जमा चुका पूर्वाग्रह, रिपोर्ट में खुलासा

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

पाकिस्तान में सिंधी समुदाय के खिलाफ गहराई से जड़ जमाए हुए पूर्वाग्रह को उजागर करते हुए एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह भेदभाव न सिर्फ समाज में बल्कि राज्य व्यवस्था में भी मजबूती से मौजूद है।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रसिद्ध पाकिस्तानी पॉडकास्टर, लेखक और सोशल मीडिया प्रेजेंटर शहजाद घियास शेख को सिंधियों के खिलाफ फैले नस्लीय पूर्वाग्रहों को सामने लाने के कारण गंभीर सुरक्षा खतरे झेलने पड़ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिंधियों



के प्रति नस्लवाद आज भी पाकिस्तान की राजनीति, मीडिया और आम जनजीवन को प्रभावित कर रहा है और असहमति की आवाजों को डर और शत्रुता के जरिए दबाया जा रहा है।

अमेरिका स्थित राजनीतिक विश्लेषक मोहम्मद अली माहिर ने पाकिस्तानी अखबार द फ्राइडे टाइम्स में लिखा, हबंटवारे के समय बोए गए जहरीले पूर्वाग्रह और दशकों तक पोषित की गई सोच अब कड़वे फल दे रही है। क्या हमें पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री की वह टिप्पणी याद नहीं है, जिसमें उन्होंने सिंधी संस्कृति का मजाक उड़ाते हुए कहा था, क्या ऊंट पालने वालों की भी कोई संस्कृति होती है? दुर्भाग्य से, सिंधियों के खिलाफ यह खुला पूर्वाग्रह न केवल स्वीकार किया गया बल्कि समाज में सामान्य बना दिया गया।

# कनाडा में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

**टोरंटो, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** कनाडा के टोरंटो शहर से एक अत्यंत दुखद और विचलित करने वाली खबर सामने आई है। यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो स्कारबोरो (यूटीएससी) परिसर के पास हुई गोलीबारी की एक हिंसक घटना में 20 वर्षीय भारतीय छात्र शिवांक अवस्थी की जान चली गई है। शिवांक वहां पीएचडी के छात्र थे और अपनी उच्च शिक्षा पूरी करने के लिए भारत से कनाडा गए थे। यह घटना टोरंटो में भारतीय नागरिकों को निशाना बनाने वाली हालिया वारदातों की कड़ी में एक और गंभीर मामला है, जिससे वहां रह रहे भारतीय समुदाय और छात्रों में गहरी चिंता व्याप्त हो गई है। जानकारी के अनुसार, यह जानलेवा हमला मंगलवार को हाइलैंड क्रीक ट्रेल और ओल्ड किंग्स्टन रोड के नजदीकी इलाके में हुआ। सूचना मिलते ही जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, तो उन्होंने शिवांक को लहूलुहान और गंभीर स्थिति में पाया। चिकित्सा सहायता मिलने से पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी और पुलिस ने उन्हें घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावर पुलिस के आने से पहले ही वहां से भागने में सफल रहे। इस घटना के तुरंत बाद सुरक्षा के लिहाज से विश्वविद्यालय परिसर को कुछ समय के लिए पूरी तरह लॉकडाउन कर दिया गया था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, यह इस साल टोरंटो में दर्ज की गई 41वीं हत्या है।

# एच1बी वीजा की 1 लाख डॉलर की फीस बढ़ोतरी को अमेरिकी कोर्ट की हरी झंडी

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

अमेरिका जाकर दुनिया में अपना नाम कमाने का सपना संजोए देश के तमाम युवा छात्रों, आईटी व अन्य क्षेत्रों से जुड़े हुए पेशेवरों को अब एच1बी वीजा लेने के लिए 1 लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपए से अधिक) की आवेदन फीस का अगले साल 27 फरवरी 2026 से अनिवार्य रूप से भुगतान करना पड़ेगा। क्योंकि इस संबंध में अमेरिका की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फीस बढ़ोतरी के निर्णय को शत-प्रतिशत सही ठहराते हुए उस पर अपनी मुहर लगा दी है। साथ ही ये भी कहा है कि ट्रंप प्रशासन अपने इस फैसले के साथ बेधड़क आगे बढ़ सकता है। जिसके बाद स्वाभाविक रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति का मन सातवें आसमान में उड़ रहा होगा और अब वह इस वीजा से जुड़े हुए पुराने रैंडम लॉटरी सिस्टम को भी पूरे आत्मविश्वास के साथ लागू करने के लिए तेजी से कदम




आगे बढ़ाएंगे। लेकिन इस पूरे माहौल के बीच सबसे ज्यादा मुश्किल टेक कंपनियों के लिए खड़ी हो गई है।

जो सालाना एच1बी वीजा के जरिए बड़ी तादाद में भारतीय युवाओं की भर्ती करती हैं। अमेरिका के जिला न्यायाधीश बेरिल हॉवेल ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस लोकप्रिय वीजा कार्यक्रम की लागत में भारी वृद्धि का आदेश देकर अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर रहकर ही काम किया है। उनका ये फैसला अमेरिका के कर्मियों को रोजगार प्रदान करने के प्रयासों को प्रदर्शित करता है।

# दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह सदस्य की मौत

**बेरुत/यरूशलेम, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।** दोपहर दक्षिणी लेबनान में गुरुवार को इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया। लेबनानी सूत्रों और इजरायली सेना ने यह जानकारी दी। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएए) ने बताया कि गुरुवार दोपहर सीमावर्ती गांव मजदल सेल्म के प्रवेश द्वार पर एक इजरायली ड्रोन ने एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाया। लेबनान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन संचालन केंद्र ने पुष्टि की कि हमले में एक नागरिक मारा गया। एक सुरक्षा सूत्र ने मृतक की पहचान मोहम्मद अला अल-दीन नामक हिजबुल्लाह सदस्य के रूप में की। इजरायल रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि हमले में एक आतंकवादी मारा गया जो क्षेत्र में सैन्य बुनियादी ढांचे को बहाल करने के हिजबुल्लाह के प्रयासों में शामिल था।

# नाइजीरिया में इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर अमेरिकी हवाई हमला, ट्रंप का दावा

## ईसाइयों पर हमले रोकने की चेतावनी के बाद कार्रवाई

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 26 दिसम्बर।**

अमेरिका ने नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े आतंकियों के खिलाफ हवाई हमले किए हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर यह दावा किया। ट्रंप ने



कहा कि ये हमले उन आतंकियों को निशाना बनाकर किए गए हैं, जो लंबे समय से ईसाई समुदायों पर हिंसक हमले कर रहे थे। ट्रंप ने अपने बयान में कहा, मेरे निर्देश पर अमेरिका ने नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम में आईएसआईएस आतंकियों के खिलाफ घातक और सटीक हमले किए हैं।

ये आतंकी मुख्य रूप से निर्दोष ईसाइयों की निर्मम हत्या कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि पहले ही चेतावनी दी गई थी कि अगर ईसाइयों पर हमले नहीं रुके तो कड़ी कार्रवाई होगी। अमेरिकी अफ्रीका कमांड के अनुसार, यह हवाई हमला नाइजीरिया के सोकोतो राज्य में नाइजीरियाई सरकार के सहयोग से किया गया।

पेंटागन प्रमुख पीट हेगसेथ ने नाइजीरिया सरकार के सहयोग और समर्थन के लिए आभार जताया है। वहीं, नाइजीरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये हमले अमेरिका और नाइजीरिया के बीच चल रहे सुरक्षा सहयोग का हिस्सा हैं। मंत्रालय के अनुसार, खुफिया जानकारी साझा करने और रणनीतिक समन्वय के तहत आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए गए हैं

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *